बेसिल
BECIL

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम - सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन)

BROADCAST ENGINEERING CONSULTANTS INDIA LIMITED

(A Government of India Enterprise - under Ministry of Information & Broadcasting)

CIN - U32301UP1995GOI017744

"A Mini Ratna Company"

गत 10 वर्षों के लिए वित्तीय आकर्षण
FINANCIAL HIGHLIGHTS FOR LAST 10 YEARS

रूपये लाख में (Amount in Lakhs)

क्र.सं. S.No.	विवरण Particulars	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
1	प्रदत्त इक्विटी **Paid Up Equity**	136.50	136.50	136.50	136.50	136.50	136.50	136.50	136.50	136.50	136.50
2	कुल व्यवसाय (जमा कार्य सहित) **Turnover (Including Deposit Work)**	13156.07	14694.93	10173.31	12145.69	12604.78	5859.46	22798.9	24200.88	32562.53	35076.48
3	कर पूर्व लाभ **Profit Before Tax**	802.58	271.93	(1124.67)	51.50	(257)	(965.13)	336.09	(586.69)	199.10	(461.34)
4	कर पश्चात लाभ **Profit After Tax**	529.06	203.17	(787.91)	11.84	(138.79)	(622.14)	204.25	(427.78)	4.60	(481.41)
5	लाभांश **Dividend**	102.36	42.60	-	-	-	-	61.27	-	1.38	-
6	प्रारक्षित एवम् अधिशेष **Reserves & Surplus**	2807.65	2960.24	2151.96	2163.79	2023.51	1401.37	1532.09	1104.31	1107.25	625.83
7	नियोजित पूंजी **Capital Employed**	2944.15	3096.74	2288.46	2300.29	2160.01	1537.87	1668.59	1240.81	1243.75	762.33
8	निवल मूल्य **Net Worth**	2893.86	3056.21	1911.16	1962.66	1703.98	738.84	1001.41	373.88	571.32	50.61

दृष्टिकोण और मिशन



भारत और विदेशों में कुल परियोजना समाधान के लिए प्रसारण इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी के विशिष्ट क्षेत्रों और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास में ''ब्रांड'' के रूप में मान्यताप्राप्त विश्वस्तरीय परामर्श संगठन बनना।



भारत और विदेशों में स्थलीय, केबल और उपग्रह पारेषण के माध्यम से रेडियो और टेलीविजन प्रसारण के आधुनिकीकरण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना और उत्कृष्टता प्राप्त करना।

विषय सूची

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1	कारपोरेट जानकारी	1
2	बेसिल – प्रोफाइल	3
3	सदस्यगणों को सूचना	9
4	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश	14
5	निदेशकों की रिपोर्ट	16
6	कारपोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट	35
7	प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	40
8	कारपोरेट अभिशासन का प्रमाणपत्र	44
9	आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि	46
10	वार्षिक रिटर्न का सारांश	47
11	लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	58
12	वार्षिक लेखा	69
13	नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	102

कारपोरेट सूचना

निदेशक मंडल

(31 मार्च, 2020 को)

श्री जॉर्ज कुरुविला
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री दीपक रंजन गोगोई
निदेशक (ओएंडएम)

श्री विक्रम सहाय
निदेशक (सरकारी नामिती)

श्री बिनोद कुमार
निदेशक (सरकारी नामिती)

एयर मार्शल वी.एम. खन्ना (से.नि.)
अशासकीय अंशकालिक निदेशक

श्री बी. त्यागराजन
अशासकीय अंशकालिक निदेशक

सांविधिक लेखापरीक्षक

ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
प्लॉट नं. 6, साइट नं. 21, गीता मंदिर मार्ग,
न्यू राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली–110060

बैंकर्स

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सीजीओ कॉम्पलेक्स शाखा, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, ओवरसीज शाखा, एम ब्लॉक, कनॉट सर्कल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कॉमर्शियल पर्सनल बैंकिंग, आरेकेरे गेट,
एचएसबीसी के सामने, पांडुरंगा नगर, मेन रोड, बेंगलोर–560076
भारतीय स्टेट बैंक, सीजीओ कॉम्पलेक्स शाखा, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003

पंजीकृत और कारपोरेट कार्यालय

सी–56, ए/17, सैक्टर–62, नोएडा–201307, फोनः 0120.4177850, फैक्सः 0120–417789
सीआईएनः U32301UP1995GOI017744

प्रधान कार्यालय

14–बी, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली–110002
फोनः 011–2337 8823, फैक्सः 011–2337 9885

क्षेत्रीय कार्यालय

मकान नं. 162, II मेन, I क्रॉस, एजीएस लेआउट, आरएमवी II स्टेज, बेंगलोर–560094
फोनः 080–23415853, फैक्सः 080–23415853
50ए, राजा नाबा, किसान स्ट्रीट, कोलकाता–700005
फोनः 9831159000

बेसिल प्रोफाइल

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (BECIL), आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 27001:2013, आईएसओ/आईईसी 20000:2012 प्रमाणित, मिनी रत्न, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत भारत सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, स्थलीय और उपग्रह प्रसारण, केबल के विशिष्ट क्षेत्रों और ध्वनिक और श्रव्य–दृश्य प्रणाली सहित आईटी संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में टर्नकी समाधान सहित पारेषण और उत्पादन प्रौद्योगिकियों में प्रसारण हेतु अंतर्राष्ट्रीय मानकों की परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए 24 मार्च 1995 को स्थापित किया गया।

बेसिल परियोजना परामर्श सेवाएं और रेडियो और टेलीविजन प्रसारण इंजीनियरिंग के संपूर्ण सरगम, पारेषण सुविधाओं की स्थापना जैसे सामग्री निर्माण सुविधाओं, भारत और विदेशों में स्थलीय प्रसारण, पारेषण और उपग्रह और केबल प्रसारण सहित टर्नकी समाधान प्रदान करता है। यह प्रसारण से संबंधित भवन डिजाइन और निर्माण, मानव संसाधन से संबंधित कार्यकलापों जैसे प्रशिक्षण, जनशक्ति प्रदान करने जैसी संबंधित सेवाएं भी प्रदान करता है। बेसिल रक्षा, पुलिस विभाग और विभिन्न अर्ध–सैनिक बलों को विशेष संचार, निगरानी, सुरक्षा और निगरानी प्रणाली की आपूर्ति भी करता है। बेसिल का प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में, कारपोरेट कार्यालय नोएडा में और क्षेत्रीय कार्यालय बैंगलोर में स्थित है। व्यापार पोर्टफोलियो में विविधीकरण के कारण बेसिल कई राज्यों में भौगोलिक विस्तार की तलाश कर रहा है।

वर्षों से, बेसिल ने सतर्कता से देखरेख करते हुए इन–हाउस, बहुमुखी और समर्पित इंजीनियरों की एक टीम विकसित की है और सार्वजनिक और निजी प्रसारणकर्ता, रक्षा और केबल उद्योग सहित प्रसारण उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों से तैयार पेशेवरों का विशाल कोश तैयार और उसका दोहन किया है। संसाधनों से पूर्ण तकनीकी पेशेवरों के इस नेटवर्क के माध्यम से, बेसिल ने उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत भर में अपनी उपस्थिति स्थापित की है।

बेसिल के पास विशेषज्ञों का एक विशाल कोश है और यह भारत के राष्ट्रीय प्रसारणकर्ताओं आकाशवाणी और दूरदर्शन की विशेषज्ञता का एकीकरण करते हुए, इसे एक अरब से अधिक लोगों तक पहुंचने वाला सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क एवं भारत तथा विदेशों में लाखों घरों तक पहुंचने वाले एनेलॉग और डिजिटल उपग्रह प्रसारण सेवाओं द्वारा पूरित विश्व का सबसे बड़ा स्थलीय टेलीविजन नेटवर्क बनाता है।

बेसिल परामर्श एजेंसी, प्रणाली समेकक के साथ ही प्रसारण इंजीनियरिंग और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक टर्नकी समाधान प्रदाता के रूप में कार्य करता है।

कारोबारी गतिविधियां

- एफएम सीटीआई
- टीवी चैनलों की स्थापना
- टेलीपोर्टों की स्थापना
- डिजिटल न्यूजरूम प्रणालियों का डिजाइन
- सेट टॉप बॉक्सेज
- वायर–लाइन प्रसारण नेटवर्क की भारतीय मानक लेखा परीक्षा से अनुरूपता
- उपग्रह और ई–क्लास रूम के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा प्रणाली
- ध्वनिक, मंच प्रकाश, ध्वनि सुदृढ़ीकरण प्रणाली
- वायर–लाइन नेटवर्किंग में प्रशिक्षण/कौशल उन्नयन
- ऑडियो विजुअल विश्लेषण

प्रचालन क्षेत्र

- रेडियो और टेलिविजन प्रसारण
- टेलिविजन वितरण प्लेटफॉर्म – स्थलीय, उपग्रह, डायरेक्ट टू होम (DTH) प्रणाली, केबल हैड–एंड प्रणालियां

- उपग्रह टेलिविजन चैनलों की निगरानी, लॉगिंग और संग्रह
- सामुदायिक रेडियो स्टेशन
- इलेक्ट्रॉनिक चौकसी और निगरानी प्रणालियां
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय के लिए तकनीकी इनपुट्स
- सूचनयोग्य केबल प्रणालियों की तकनीकी लेखापरीक्षा और प्रमाणन
- सोशल मीडिया निगरानी स्थापन
- सीसीटीवी और अभिगम नियंत्रण



विदेश मंत्रालय साउथ ब्लॉक नई दिल्ली में उन्नत संचार प्रणाली से कॉन्फ्रेंस कक्ष का नवीनीकरण

उद्देश्य

- ग्राहकों की व्यापक श्रृंखला के लिए विशिष्ट और अनुकूलित समाधान प्रदान करके बाजार में मौजूदा अंश को बढ़ाना।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय को प्रसारण से संबंधित विभिन्न दस्तावेजों की नीति, नियमन और निर्माण में तकनीकी इनपुट और परामर्श प्रदान करना।
- सीसीटीवी, चौकसी और निगरानी जैसे अन्य संबद्ध क्षेत्रों में नए आयाम तलाशना।
- विदेशी बाजार में निरंतर आधार पर अवसरों का अन्वेषण करना।
- उत्पाद विकास के लिए बाजार सर्वेक्षण करना।
- टेलिविजन चैनलों के साथ ही दूरस्थ शिक्षा के लिए उपग्रह अपलिंक और डाउनलिंक प्रणाली की स्थापना।
- प्रसारण केंद्रों के प्रचालन की स्थापना और रखरखाव।
- सेवाओं के माध्यम से ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करना।
- प्रसारण पेशेवरों का प्रशिक्षण और नियुक्ति करना।
- विशिष्ट प्रसारण उपस्करों का डिजाइन, विकास और निर्माण करना।



मंडाला, म्यांमार स्थित म्यांमार इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के लिए कक्षा उपकरणों की आपूर्ति, परीक्षण, चालू करना और ऑनसाइट सहयोग



जेआईपीएमईआर, पांडिचेरी के लिए एचडी टीवी स्टूडियो, इंटरनेट रेडियो, सीआरएस और डिजिटल साइनेज समाधान की स्थापना

प्रतिष्ठित परियोजनाएं


- एफएम फेज III प्रसारण
- डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग प्रणाली
- एचएफ/वीएचएफ सिग्नल प्रोसेसिंग प्रणाली
- निगरानी और अभिगम नियंत्रण प्रबंधन प्रणाली
- अभिगम नियंत्रण और अतिक्रमण खोज प्रणाली की आपूर्ति, परीक्षण और चालू करना
- सुरक्षा और निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, परीक्षण और चालू करना
- कैबिनेट सचिव के साथ व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध
- एसआरएफटीआई के लिए स्टूडियो स्थापना की आपूर्ति, परीक्षण और चालू करना

- गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता के लिए सीसीटीवी प्रणाली की आपूर्ति
- पूर्वी रेलवे के लिए एकीकृत सुरक्षा प्रणाली की आपूर्ति, परीक्षण, चालू करना और रखरखाव
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के लिए प्रिंट (समाचारपत्र/पत्रिका), टेलीविजन और डिजिटल मीडिया (सोशल मीडिया समेत) के लिए निगरानी और विश्लेषण मंच स्थापित करना
- भारत निर्वाचन आयोग के लिए सोशल मीडिया संचार केंद्र और कार्यनीति, शक्ति, पहुंच और पद्धति
- सूचना और जनसंपर्क विभाग, लखनऊ के लिए सोशल मीडिया संचार केंद्र की स्थापना और के कामकाज, प्रचालन और रखरखाव से संबंधित सेवाएं प्रदान करना



प्रोडक्शन नियंत्रण कक्ष

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रसारण विंग के स्वचालन के लिए वेब पोर्टल का डिजाइन, विकास और रखरखाव
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन प्रभाग के निदेशालय का इन्वेंटरी प्रबंधन और अन्य व्यावसायिक प्रक्रियाओं का कम्प्यूटरीकरण
- इलेक्ट्रानिक मीडिया निगरानी केंद्र, 10वीं मंजिल, सूचना भवन, नई दिल्ली स्थित में विभिन्न वस्तुओं, उपस्करों, प्रणाली की आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण और चालू करना
- म्यांमार इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, मंडाला, म्यांमार स्थित के लिए कक्षा उपकरणों की आपूर्ति, परीक्षण, चालू करना और ऑनसाइट सहयोग
- पूरे भारत में केंद्रीय भंडारण निगम के 254 (दो सौ चौवन) भंडारणों की सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, परीक्षण, चालू करना और रखरखाव
- पूर्वी कमान के तहत विभिन्न सैन्य ठिकानों के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की खरीद और स्थापना
- नेशनल मीडिया सेंटर, रायसीना रोड, नई दिल्ली में स्थापित ऑडियो–विजुअल और सीसीटीवी प्रणाली का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) और प्रचालन
- मिशन डिजिटलीकरण परियोजना
- ट्राई विनियमन के अनुसार लेखापरीक्षा
- माननीय टीडीसैट के निर्देशों के अनुसार लेखापरीक्षा
- प्रसार भारती की जनशक्ति की लेखापरीक्षा करने के लिए एजेंसी के चयन हेतु प्रोफेशनल सेवाएं
- दूरदर्शन समाचार चैनलों के स्वरूप और अनुभव में वृद्धि करने और रचनात्मक इनपुट, तकनीकी अवसंरचना और जनशक्ति प्रदान करने के लिए पेशेवर ग्राफिक्स एजेंसी की नियुक्ति की व्यावसायिक सेवाएं
- ब्यूरो ऑफ आउटरीच एंड कम्युनिकेशन (बीओसी) के लिए 380 जिलों में जिला स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम
- सैपनेट, आंध्र प्रदेश और सैपनेट के लिए एनएलई और डीटीपी कार्यों के लिए आरंभिक तीन महीनों के लिए किराया आधार पर केयू–बैंड (जीसैट–8) डीएसएनजी और मोबाइल वैन (पीसीआर, एमसीआर इत्यादि) का संपूर्ण आद्योपांत समाधान प्रदान करना
- जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन, पांडिचेरी के लिए एचडी टीवी स्टूडियो, इंटरनेट रेडियो, सीआरएस और डिजिटल साइनेज समाधान की स्थापना



पूर्वी ओमांडा के तहत विभिन्न सैन्य स्टेशनों के लिए सीसीटीवी समाधान की खरीद और स्थापना



सूचना भवन, नई दिल्ली में ईएमएमसी में स्थापित विभिन्न मदों के उपकरण प्रणाली की आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग।


- भारतीय खाद्य निगम (दक्षिण क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र) के भंडारण/डिपो में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण, चालू करना और रखरखाव
- जनशक्ति प्लेसमेंट सेवाओं की परियोजना




एफएम फेज III



एफएम फेज III



निमहांस, बंगलौर में नए भवन में विभिन्न सुविधाओं जैसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, आपदा प्रबंधन में पीएसएस केंद्र के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, डिजिटल अकादमी के लिए ई–क्लासरूम्स की स्थापना – 2 बार



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी), रायपुर, छत्तीसगढ़ में एमओओसी की तैयारी के लिए संबंधित ध्वनि और विद्युत कार्यों सहित टीवी स्टूडियो की स्थापना



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी), रायपुर, छत्तीसगढ़ में एमओओसी की तैयारी के लिए संबंधित ध्वनि और विद्युत कार्यों सहित टीवी स्टूडियो की स्थापना



पूरे भारत में सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के 254 (दो सौ चौवन) गोदामों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशन और रखरखाव।



विश्व–भारती के लिए बुनियादी ढांचे के कार्यों के साथ स्टूडियो प्रसारण उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग

बेसिल/एजीएम/2020

नोटिस

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लि. के सदस्यों की 25वीं वार्षिक आम बैठक गुरुवार, 15 जुलाई, 2021 को दोपहर 12.00 बजे समिति कक्ष, कमरा नं. 652, ए–विंग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 में निम्नलिखित कामकाज को संपादित करने के लिए आयोजित की जाएगी:

सामान्य कामकाज:

1. 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र, लाभ और हानि लेखा और नकदी प्रवाह के साथ उस पर निदेशकों और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट प्राप्त करना, उस पर विचार और उसे अंगीकृत करना।

2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक का निर्धारण करना।

निदेशक मंडल के आदेश से

हस्ता./.
(जॉर्ज कुरुविला)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान: नोएडा
दिनांक 30.06.2021

सेवा में

1. कंपनी के सदस्यगण
2. कंपनी के निदेशकगण
3. सांविधिक लेखापरीक्षक

नोट्सः

- प्रॉक्सी की नियुक्तिः बैठक में भाग लेने और मतदान करने का हकदार सदस्य केवल एक चुनाव में अपने स्थान पर भाग लेने और वोट करने के लिए प्रॉक्सी नियुक्त करने का हकदार है और प्रॉक्सी को कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। प्रॉक्सी फॉर्म इस नोटिस के साथ संलग्न है।
- प्रभावी होने के लिए, प्रॉक्सी फॉर्म, विधिवत पूर्ण, मुहर लगा और हस्ताक्षर किया हुआ और बैठक शुरू होने के कम से कम 48 घंटे पहले तक पंजीकृत कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए।
- दस्तावेजों का निरीक्षणः संलग्न नोटिस में संदर्भित प्रासंगिक दस्तावेज बैठक की दिनांक तक सभी कार्य दिवसों को कार्य के घंटों के दौरान, शनिवार को छोड़कर, कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए खुले रहेंगे।
- उपस्थिति पर्चीः सदस्यों/प्रॉक्सी/प्रतिनिधियों से बैठक में भाग लेने के लिए विधिवत भरी हुई, हस्ताक्षर की हुई और मुद्रित उपस्थिति पर्ची और वार्षिक रिपोर्ट की अपनी प्रति लाने का अनुरोध किया जाता है। उपस्थिति पर्ची इस नोटिस के साथ संलग्न है।
- वार्षिक आम बैठक में उठाए जाने वाले प्रश्न एजीएम की दिनांक से कम से कम तीन दिन पहले कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय को भेजे जा सकते हैं ताकि बैठक में जवाब देने के लिए प्रबंधन को प्रासंगिक जानकारी संकलित करने में सक्षम बनाया जा सके।
- एजीएम का स्थान सूचित करने वाला मार्ग मानचित्र नोटिस के अंत में दिया गया है।

फॉर्म नं. एमजीटी–11

प्रॉक्सी फॉर्म

{कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105(6) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 19(3) के अनुपालन में}

सीआईएनः U32301UP1995GOI017744
कंपनी का नामः ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः सी–56, ए/17, सेक्टर–62, नोएडा–201307, उ.प्र.

सदस्य(यों) का नाम	:
पंजीकृत पता	:
ई.मेल आईडी	:
फोलियो सं./ग्राहक आईडी	:
डीपी आईडी	:

मैं/हम, ऊपर नामित कंपनी के ..... शेयरों के सदस्य होने के नाते, एतद्द्वारा

1. नाम ..... पताः
   ई–मेल आईडी : हस्ताक्षर ....., जिनके न आने पर
2. नाम ..... पताः
   ई–मेल आईडीः हस्ताक्षर ....., जिनके न आने पर
3. नाम ..... पताः
   ई–मेल आईडी : हस्ताक्षर .....,

को 15 जुलाई, 2021 को दोपहर 12.00 बजे आयोजित की जाने वाली कंपनी की 25वीं वार्षिक आम बैठक और नीचे सूचित ऐसे प्रस्तावों के संबंध में किसी स्थगन पर मेरे/हमारे लिए और मेरी/हमारी ओर से उपस्थित होने और वोट करने (मतदान पर) के लिए मेरा/हमारा प्रॉक्सी नियुक्त करते हैं::

प्रस्ताव सं.

1. 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र, लाभ और हानि लेखा और नकदी प्रवाह के साथ उस पर निदेशकों और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट प्राप्त करना, उस पर विचार और उसे अंगीकृत करना।
2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक का निर्धारण करना।

20..... की ..... दिनांक को हस्ताक्षर किए गए

शेयरधारक के हस्ताक्षर

प्रॉक्सी धारक(कों) के हस्ताक्षर

रसीदी टिकट लगाएं

नोटः प्रभावी होने के लिए यह प्रॉक्सी फॉर्म विधिवत पूर्ण किया हुआ और बैठक आरंभ होने से कम से कम 48 घंटे पूर्व कंपनी के पंजीकृत कार्यालय मे जमा किया जाना चाहिए।

उपस्थिति पर्ची

भौतिक शेयरों के लिए	
पंजीकृत फोलियो संख्या	
धारित शेयरों की संख्या	
सदस्य/प्रॉक्सी का नाम	


मैं एतद्द्वारा गुरुवार, 15 जुलाई, 2021 को दोपहर 12.00 बजे समिति कक्ष, कमरा नं. 652, ए–विंग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 में ''ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड'' के सदस्यों की 25वीं वार्षिक आम बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करता हूं।

सदस्य/प्रॉक्सी के हस्ताक्षरः

नोटः

1. **विधिवत भरी हुई उपस्थिति पर्ची बैठक कक्ष के प्रवेश द्वार पर सौंपी जानी है।**
2. **वार्षिक आम बैठक में उपस्थित होने वाले व्यक्तियों से वार्षिक रिपोर्ट की अपनी प्रति लाने का अनुरोध किया जाता है।**

एजीएम का स्थान सूचित करने वाला मार्ग मानचित्र



अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश



प्रिय सम्मानित सदस्यगण,

निदेशक मंडल की ओर से, कंपनी की पच्चीसवीं वार्षिक आम बैठक में आपका हार्दिक स्वागत करते हुए मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, कंपनी का प्रचालनों से राजस्व पिछले वर्ष में 321.81 करोड़ रुपये से बढ़कर 347.07 करोड़ रुपये हो गया है, जो कंपनी के निगमन के बाद से सर्वाधिक कारोबार है। हालांकि, बेसिल को वित्त वर्ष 2019–20 में 4.81 करोड़ रुपये का निवल घाटा हुआ है जिसमें ओवरड्राफ्ट पर ब्याज लागत पर 7.80 करोड रुपये की राशि शामिल है।

बेसिल विभिन्न परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है, हालांकि, बाजार में उच्च प्रतिस्पर्धा के कारण, लाभ मार्जिन में कमी आई है। बेसिल ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में विविधता अपनाई है, जिससे व्यवसाय बढ़ा है हालांकि, खर्चों में भी वृद्धि हुई है। बेसिल को सूचना और प्रसारण मंत्रालय से सरकारी अनुदान या कार्यशील पूंजी के रूप में कोई वित्तीय सहायता नहीं मिलती है। एमआईबी ने बेसिल को मात्र 1.36 करोड रुपये की इक्विटी प्रदान की है। इसलिए, कार्यशील पूंजी की जरूरतों की पूर्ति करने के लिए बेसिल को बैंक ओवरड्राफ्ट पर निर्भर रहना पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप वित्त लागत अधिक होती है।

बेसिल ने नए बाजारों और क्षेत्रों के लिए विभिन्न विस्तार योजनाएं बनाई हैं। साथ ही, कंपनी के विकास के साथ–साथ आगामी वर्षों में लाभ प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रयास भी किए जा रहे हैं। बेसिल उपग्रह निगरानी, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, भारत सरकार के ''आत्मनिर्भर भारत'' और ''मेक इन इंडिया'' पहल के तहत उत्पादों के निर्माण जैसी कुछ नई परियोजनाएं चलाएगा। इसके अलावा, बेसिल कुछ परियोजनाओं में अग्रिम भुगतान की भी उम्मीद कर रहा है जिससे कंपनी को प्रगति करने में मदद मिलेगी।

मानव संसाधन विकास समग्र प्रबंधन का एक अभिन्न अंग है। कंपनी की सबसे मूल्यवान संपत्ति होने के कारण कर्मचारियों को तेजी से बदलती तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल रखने के लिए लगातार प्रशिक्षित किया जाता है। कंपनी के पास पेशेवर और कुशल कर्मचारियों का इष्टतम संयोजन है, जिन्हें विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी के माध्यम से नियमित रूप से प्रशिक्षित किया जाता है।

कंपनी अपने दैनिक प्रचालनों में कारपोरेट प्रशासन के स्तर को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करती रही है और वित्तीय परिणामों और कामकाज के साथ–साथ कंपनी के नेतृत्व और शासन के बारे में समयबद्ध और सटीक जानकारी का प्रकटन करने के अपने अंतर्निहित उत्तरदायित्व को समझती है।

निदेशक मंडल और प्रबंधन की ओर से, मैं सभी हितधारकों द्वारा दिए गए समर्थन और निरंतर संरक्षण की हार्दिक सराहना करता हूं और कंपनी की विकास क्षमता में निरंतर विश्वास के लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यगण,

निदेशक मंडल की ओर से, मैं, जॉर्ज कुरुविला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों सहित कंपनी के कामकाज और प्रचालनों पर 25वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता हूं।

1. कंपनी के कामकाज की स्थिति

वित्तीय परिणाम

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी का वित्तीय कार्यनिष्पादन, वित्तीय वर्ष 2018–19 के तुलनात्मक आंकड़ों सहित, नीचे दर्शाया गया है:

(राशि लाख रुपये में)

	विवरण	वित्तीय वर्ष 2019-20	वित्तीय वर्ष 2018-19
क	**प्रचालनों के परिणाम**		
	प्रचालनों से आय	34707.48	32181.32
	अन्य आय	354.89	374.15
	पूर्व अवधि आय	14.12	7.05
	वर्ष के दौरान कुल व्यवसाय	**35076.48**	**32562.53**
	व्यय	34491.69	31437.61
	प्रचालन लाभ/(हानि)	**584.79**	**1124.92**
	वित्त लागत	780.03	701.71
	मूल्यह्रास और ऋणशोधन	157.98	199.60
	अवधि पूर्व समायोजन	22.93	24.51
	असाधारण और अपवादरूप मदें	85.19	-
	कर व्यय से पूर्व लाभ/(हानि)	**(461.34)**	**199.10**
	कर व्यय	20.07	194.50
	कर व्यय के पश्चात लाभ/(हानि)	**(481.41)**	**4.60**
	निगमित सामाजिक दायित्व में अंतरण	-	9,192
	प्रति शेयर आय/(हानि) (रु.)	**(345)**	**3**
ख	**निधियों के स्रोत**		
	जारी, अभिदत्त और प्रदत्त पूंजी आरक्षित और अधिशेष	136.50	136.50
	आरक्षित और अधिशेष	625.83	1107.25
	गैर–चालू देयताएं	819.39	2674.90
	चालू देयताएं	35915.32	35916.45
	कुल	**37497.03**	**39835.10**

	निधियों के प्रयोग		
	अचल परिसंपत्तियां	1100.07	1153.57
	चालू परिसंपत्तियां	35655.99	37815.40
	आस्थगित कर परिसंपत्तियां (निवल)	711.71	672.43
	दीर्घ–अवधि ऋण और अग्रिम	-	-
	अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियां	29.26	162.58
	कुल	**37497.03**	**39835.10**
ग	**अन्य सूचना**		
	प्राधिकृत पूंजी	**250.00**	**250.00**
	नियोजित पूंजी	762.33	1243.75
	निवल मूल्य	50.61	571.32

कार्यनिष्पादन

सूचित वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी के प्रंचालनों से राजस्व पिछले वर्ष 321.81 करोड़ रुपये से बढ़कर 347 करोड़ रुपये हो गया है, जो कंपनी के निगमन के बाद से सबसे अधिक कारोबार है। हालांकि, बेसिल को वित्त वर्ष 2019–20 में 4.81 करोड़ रुपये का निवल घाटा हुआ है जिसमें ओवरड्राफ्ट पर ब्याज लागत की 7.80 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। बेसिल को वित्तीय नुकसान होने के तथ्य निम्नलिखित हैं:

i. बेसिल को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से सरकारी अनुदान या कार्यशील पूंजी के रूप में कोई वित्तीय सहायता नहीं मिलती है। एमआईबी ने बेसिल को मात्र 1.36 करोड रुपये की चुकता पूंजी प्रदान की है।

ii. बेसिल ने 347 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल किया है और नए बाजारों और क्षेत्रों की विभिन्न विस्तार योजनाएं बनाई हैं। विभिन्न परियोजनाओं के निष्पादन के लिए समय–समय पर कार्यशील पूंजी की आवश्यकता होती है। हलांकि, मात्र 1.36 करोड़ रुपये की इक्विटी से 350 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को आगे बढ़ाना बेसिल के लिए अव्यावहारिक और असंभाव्य था।

iii. बेसिल को कार्यशील पूंजी की जरूरतों की पूर्ति के लिए ग्राहकों से दोतरफा सहयोग और बैंक ओवरड्राफ्ट पर निर्भर रहने के परिणामस्वरूप भारी ब्याज लागत आती है। सीडब्ल्यूजी और मेगावाट परियोजनाओं के कारण प्रसार भारती से बकाया राशि भी अधिक ओवरड्राफ्ट का कारण है।

iv. इसके अलावा, भारत में और बाहर विभिन्न साइटों पर व्यावसायिक परियोजनाओं के प्रचार और निष्पादन के खर्चों में पर्याप्त वृद्धि हुई है

लाभांश के माध्यम से भुगतान किए जाने हेतु अनुशंसित राशि

चूंकि कंपनी ने सूचित वित्तीय वर्ष में नुकसान उठाया है, अतः कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा किसी लाभांश की अनुशंसा नहीं की गई है।

आरक्षित में ले जाने हेतु प्रस्तावित राशि

चूंकि कंपनी ने सूचित वित्तीय वर्ष में नुकसान उठाया है, अतः वर्ष के दौरान आरक्षित में कोई राशि अंतरित करने का कोई प्रस्ताव नहीं किया गया है।

धारा 186 के अंतर्गत ऋणों, गारंटियों या निवेशों का विवरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत कोई ऋण, गारंटियां प्रदान या निवेश नहीं किया है।

धारा 188 की उप–धारा (1) में संदर्भित संबद्ध पक्षों के साथ संविदाओं या व्यवस्थाओं का निर्धारित फॉर्म में विवरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 में संदर्भित संबद्ध पक्षों के साथ कोई संविदा या व्यवस्था नहीं की है।

कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले तथ्यात्मक परिवर्तन और प्रतिबद्धताएं, यदि कोई हों, जो कंपनी के वित्तीय वर्ष जिससे वित्तीय विवरण संबंधित हैं के अंत और सूचना की दिनांक के बीच घटित हुए हैं

कंपनी के वित्तीय वर्ष के अंत, जिससे वित्तीय विवरण संबंधित हैं, और सूचना की दिनांक के बीच कोई तथ्यात्मक परिवर्तन/घटनाएं नहीं घटी हैं।

ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण, विदेशी मुद्रा अर्जन और बहिर्वाह

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण

ऊर्जा का संरक्षण बढ़ाने और ऊर्जा की खपत घटाने के लिए नई प्रौद्योगिकियां अपनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी का विदेशी मुद्रा अर्जन और बहिर्वाह निम्न प्रकार है:

विदेशी मुद्रा बहिर्वाह		
उपस्कर, सामग्री, जॉब वर्क और श्रम (टर्नकी परियोजनाओं सहित)	:	शून्य
यात्रा	:	3,404,324
अन्य व्यय	:	27,172
कुल	:	**3,431,496**
विदेशी मुद्रा अंतर्वाह		
बिक्री	:	1,32,951
संविदाओं से आय	:	61,79,489
कुल	:	**63,12,440**

वर्ष के दौरान व्यावसायिक कार्यकलाप

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने निम्नलिखित प्रमुख परियोजनाओं का कार्य किया है:

एफएम फेज–III प्रसारण

भारत सरकार ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के माध्यम से स्थानीय सामग्री और प्रासंगिकता सहित कार्यक्रम प्रदान करने, प्रसारण निष्ठा की गुणवत्ता में सुधार करते रेडियो स्टेशनों का प्रचालन और स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहित और रोजगार का सृजन करते हुए, एफएम रेडियो कवरेज प्रदान करने के प्रयासों में पूरक बनने के लिए अधिक निजी एजेंसियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से एफएम फेज–III रेडियो चैनलों के बैच–1 और बैच 2 की आरोही ई–नीलामी के माध्यम से एफएम रेडियो प्रसारण के फेज–III को निजी भागीदारी के लिए खोलने का फैसला किया है।

जिन शहरों में फेज–II का चैनल रिक्त है या अतिरिक्त चैनल प्रस्तावित है और बेसिल द्वारा सीटीआई का सृजन किया गया है, वहां सीटीआई का उन्नयन बेसिल द्वारा चालू किया जाना है। साथ ही, साइट पर एफएम चैनलों का सह–स्थापन अनिवार्य है।

एफएम फेज–III (बैच 1) में 56 मौजूदा शहरों में 97 चैनल (जिनमें 1 चैनल मुजफ्फरपुर में अभ्यर्पण किया गया है) शामिल हैं। बेसिल सभी सीटीआई साइटों (कोचीन में एक साइट को छोड़कर) के लिए प्रणाली समेकक है।

एफएम फेज–III (बैच 2) में 48 शहरों (जिनमें 20 शहर एफएम फेज II के तहत मौजूदा हैं) में 66 चैनल शामिल हैं। बेसिल 21 शहरों में प्रणाली समेकक है।

सीटीआई पूर्णता स्थिति एफएम फेज–III (बैच–1 और 2):

(क) वित्तीय वर्ष (2019–2020): 01 साइट/सीटीआई पुणे (बैच–1) (प्रगति अधीन)
+ 01 साइट/सीटीआई लेह (बैच–2) (प्रगति अधीन)

(ख) वित्तीय वर्ष (2018–2019): 12 साइटें (बैच–2)

(ग) वित्तीय वर्ष (2017–2018): 12 साइटें (बैच–1) + 08 साइटें (बैच–2)

(घ) वित्तीय वर्ष (2016–2017): 38 साइटें (बैच–1)

(ङ) वित्तीय वर्ष (2015–2016): 03 साइटें (बैच–1)

एफएम फेज–III (बैच–1 और 2) के अंतर्गत प्रसारणकर्ता निम्न प्रकार हैं:

- हिंदुस्तान टाइम्स मीडिया लिमिटेड
- डिजिटल रेडियो (मुंबई) ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड
- एंटरटेनमेंट नेटवर्क इंडिया लिमिटेड
- म्यूजिक ब्रॉडकास्ट प्रा. लिमिटेड
- रिलायंस ब्रॉडकास्ट नेटवर्क लिमिटेड
- राजस्थान पत्रिका प्रा. लिमिटेड
- डीबी कॉर्प लिमिटेड
- अभिजीत रीयलटर्स एंड इंफ्रावेंचर्स प्रा. लिमिटेड
- रेंडर लाइव फिल्म्स एंड एंटरटेनमेंट प्रा. लिमिटेड
- सार्थक फिल्म्स प्रा. लिमिटेड
- अबीर बिल्डकॉन प्रा. लिमिटेड
- डिजिटल रेडियो (दिल्ली) ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड
- मातृभूमि प्रिंटिंग एंड पब्लिशिंग कंपनी लिमिटेड
- ओडिशा टेलीविजन लिमिटेड
- साउथ एशिया एफएम लिमिटेड
- पूर्वी ब्रॉडकास्ट (पी) लिमिटेड
- मलयाला मनोरमा कंपनी लिमिटेड
- समभाव मीडिया लिमिटेड
- कल रेडियो लिमिटेड

- मलार पब्लिकेशन्स लिमिटेड
- जेसीएल इंफ्रा लिमिटेड
- रॉकस्टार एल प्रा. लिमिटेड
- उषोदय एंटरप्राइजेज (पी) लिमिटेड

डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग प्रणाली

ये 2010–2012 के दौरान कार्यान्वित भारत में अपनी तरह की पहली परियोजनाएं हैं। भारत सरकार द्वारा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को इसकी वाणिज्यिक शाखा मैसर्स एंट्रिक्स के माध्यम से इस परियोजना का दायित्व दिया गया। इसरो ने जमीनी स्तर पर तैनात प्रौद्योगिकी उपप्रणालियों के पूर्ण तालमेल को चिन्हित और निष्पादित करने के लिए बेसिल को अपना तकनीकी साझेदार चुना। बेसिल ऐसे एकीकृत सेंसर सिस्टम की आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण और चालू करने वाला एक प्रमुख और एकमात्र संगठन है। सिस्टम सोलह विभिन्न नेटवर्कों का समाधान कर सकता है और क्रियाशील प्रज्ञता के निस्सरण के लिए अंतर्निहित निर्णय समर्थन प्रणाली सहित लाखों सूचना इनपुट के माध्यम से चल सकता है।

एचएफ/वीएचएफ सिग्नल प्रोसेसिंग प्रणाली

बेसिल भारत सरकार के संगठन में स्थापित एक उच्च आवृत्ति विद्युत चुम्बकीय सिग्नल प्रोसेसिंग प्रणाली के लिए पूर्ण प्रचालन और रखरखाव सहयोग प्रदान करता है।

निगरानी अभिगम नियंत्रण प्रबंधन प्रणाली

यह भारत में अपनी तरह की पहली परियोजना है। यह सभी मौजूदा सुविधाओं की इंटरफेसिंग सहित संपूर्ण सेना भवन, साउथ ब्लॉक और इसके निकटवर्ती इलाके का केंद्रीय सुरक्षा प्रबंधन, एकीकृत नियंत्रण और रिमोट निगरानी प्रदान करने वाले ग्राहक अपेक्षा और कोड के अनुसार पूरी तरह प्रचालनरत निगरानी और पहुंच नियंत्रण प्रबंधन प्रणाली के लिए डिजाइन, प्रापण, स्थापन, समेकन, परीक्षण और चालू करने और संबद्ध सेवाओं से संबंधित है। एसएसीएमएस सख्त विनियमों का पालन करते हुए अत्याधुनिक सुरक्षा प्रौद्योगिकियां, उच्चतम स्तर की विश्वसनीयता अपनाकर इंट्रानेट, इंटरनेट, लैन/वैन जैसी नेटवर्किंग अवसंरचनाओं को एकीकृत करेगा। एसएसीएमएस के भीतर सभी इंटरफेस कॉरपोरेट इंट्रानेट/इंटरनेट/लैन/वैन पर टीसीपी/आईपी नेटवर्क प्रोटोकॉल संयोजकता पर आधारित होंगे। बेसिल इन परियोजनाओं के लिए आजीवन सहयोग प्रदान करता और निरंतर प्रचालन और रखरखाव के लिए अंतिम उपयोगकर्ता की सहायता करता है।

अभिगम नियंत्रण और घुसपैठ जांच प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना

निगरानी और अभिगम नियंत्रण डोमेन क्षेत्रों में पार्श्विक विविधीकरण सहित, बेसिल ने इस वर्ष अपने एमओयू दायित्व के एक भाग के रूप में एक नया ग्राहक जोड़ा। इस परियोजना में नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के 21 मेट्रो स्टेशनों और डिपो में अभिगम नियंत्रण और घुसपैठ जांच प्रणाली की एसआईटीसी शामिल है। परियोजना की लागत 12.73 करोड़ रुपये थी। परियोजना सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है।

सुरक्षा और निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना

बेसिल ने परिवहन भवन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की सीसीटीवी निगरानी और अभिगम नियंत्रण की एसआईटीसी सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। वार्षिक रखरखाव अनुबंध सहित परियोजना की लागत 8.47 करोड़ रुपये थी।

कैबिनेट सचिव द्वारा व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध

कैबिनेट सचिव ने बेसिल को 3 लॉग आवधिक एंटेना और 15 मल्टी–कपलर्स के व्यापक वार्षिक रखरखाव के लिए आदेश जारी किया है। उसका निष्पादन प्रक्रिया के अधीन है।

सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान के लिए टीवी स्टूडियो स्थापन की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना

सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान ने बेसिल की विशेषज्ञता और अनुभव का मूल्यांकन करने के बाद बेसिल को टर्नकी आधार पर टीवी स्टूडियो स्थापन के एसआईटीसी का कार्य प्रदान किया। हाई डेफिनिशन कैमरा, प्रोडक्शन स्विचर, टेलीप्रॉम्प्टर, मीडिया एसेट प्रबंधन प्रणाली, प्लेआउट सर्वर, एनआरसीएस, ग्राफिक्स सिस्टम आदि का उपयोग करते हुए आधुनिकतम टीवी स्टूडियो स्थापित किया गया। इसने एसआरएफटीआई को टीवी चैनल के संचालन, खास तौर से एक समाचार चैनल के माहौल में, पर अपने छात्रों को प्रशिक्षित करने में सक्षम बनाया।

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता के लिए सीसीटीवी प्रणाली की आपूर्ति

इस चालू परियोजना में डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, आईपी आधारित सीसीटीवी प्रणाली के समेकन, परीक्षण, चालू करने और रखरखाव सहित परियोजना प्रबंधन परामर्श शामिल है। आईपी आधारित इस सीसीटीवी प्रणाली को उपयुक्त प्रणाली संरचना के अनुसार जीआरएसई की 5 इकाइयों में सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के साथ जीआरएसई मेन पर एक केंद्रीकृत नियंत्रण स्टेशन (सीसीएस) में एकीकृत किया जाना है। सभी जीआरएसई इकाइयों को एमपीएसएल या लीज्ड लाइन के साथ जीआरएसई मेन से जोड़ा जाना है। लाइव फीड को सीआईएसएफ कमांडेंट और डिप्टी कमांडेंट के कार्यालय से दिखाया गया है और इसमें साक्ष्य के प्रयोजन से लाइव वीडियो के साथ ही स्टिल इमेज रिकॉर्ड करने का प्राधिकार भी है। यह प्रणाली नवीन तरीकों से सूचना प्रौद्योगिकी और सुरक्षा को एकीकृत करती और प्रणालियों के साथ ही क्षेत्र में लचीली सुरक्षा को जोड़ने के उद्देश्य से कार्य करती है।

पूर्वी रेलवे की एकीकृत सुरक्षा प्रणाली का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करना और रखरखाव

पूर्वी रेलवे के हावड़ा और अन्य स्थानों पर लिए एकीकृत सुरक्षा प्रणाली के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करने और रखरखाव में 03 वर्ष की वारंटी अवधि सहित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली और निजी सामान की स्क्रीनिंग प्रणाली और वारंटी अवधि के बाद 05 वर्ष के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध शामिल है।

इस चालू परियोजना में भारत के पूर्वी रेलवे के अधीन आने वाले 11 स्टेशनों की वास्तविक समय निगरानी और निगरानी निहित है। इसके साथ, इसमें उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों, अच्छी तरह सुसज्जित कंप्यूटर सर्वर और वर्कस्टेशन, डीएफएमडी, निजी सामान स्क्रीनिंग प्रणाली और नेटवर्क पर निरंतर वीडियो निगरानी सहित सभी स्टेशनों का समग्र सुरक्षा प्रावधान भी शामिल है। परियोजना का उद्देश्य यात्रियों और कार्यकारी स्टाफ को अत्यधिक संरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी स्टेशनों के मानकीकरण, केंद्रीय नियंत्रण कक्ष और वास्तविक समय की वीडियो निगरानी का प्रबंधन करना, आईसीटी प्लेटफार्मों और बुनियादी ढांचे का विवेकपूर्ण उपयोग करना है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय हेतु प्रिंट (समाचारपत्र/पत्रिकाएं), टेलीविजन और डिजिटल मीडिया (सोशल मीडिया सहित) के लिए निगरानी और विश्लेषण मंच स्थापित करना

बेसिल ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की दृश्यता बढ़ाने के लिए सभी प्रमुख कदम उठाए हैं।

- नए फेसबुक पेज का सृजन
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के आधिकारिक पृष्ठ के तौर पर सत्यापित फेसबुक पेज, इसे विश्वसनीयता प्रदान करता है
- पुनःनामित और व्यवस्थित रूप से संवर्धित फेसबुक और यूट्यूब चैनल
- ट्विटर पेज का प्रबंधन
- यूट्यूब चैनल का सृजन
- यूट्यूब पर वीडियो डाले गए

- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉग साइट की शुरूआत
- इंस्टाग्राम पेज का सृजन
- जी+ पेज की शुरूआत
- पीएमओ और पीएम ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ट्विटर पेज को फॉलो करना शुरू किया

भारत निर्वाचन आयोग के लिए सोशल मीडिया संचार केंद्र और कार्यनीति, ताकत, दृष्टिकोण और कार्यप्रणाली

परियोजना में निम्नलिखित शामिल हैं:

- आवश्यक आईटी अवसंरचना सहित सोशल मीडिया संचार केंद्र की स्थापना
- ऑन–बोर्डिंग सोशल मीडिया– भारत निर्वाचन आयोग की अपेक्षा के अनुसार या उनसे संबंधित नोडल अधिकारियों के सुझावों के अनुसार फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का निर्माण
- सामग्री की रचनात्मक डिजाइनिंग और पुनः पैकेजिंग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामग्री प्रकाशित करना
- सुनने/वेब क्रॉलिंग, निगरानी प्रणाली, सामग्री को संलग्न/प्रकाशित करने, प्रतिक्रियाओं और पृथक्करण के विभाजन के लिए एंटरप्राइज लेवल टूल एसआरएम (सोशल रिलेशनशिप मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर) उपलब्ध कराना, भावना विश्लेषण सहित विश्लेषणात्मक सूचना
- एसआरएम का उपयोग करने में कुशल
- सोशल मीडिया ट्रैकिंग, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली सहित प्रतिक्रिया प्रबंधन
- इंटरनेट और सोशल मीडिया साइटों पर सामग्री की पहुंच में वृद्धि
- अपलोड की गई सामग्री को वायरल करना
- ब्रांडिंग, विज्ञापन सहयोग, लोगो डिजाइनिंग और संग्रह
- एसएमसीएच के प्रचालन और रखरखाव हेतु वार्षिक अनुबंध आधार पर प्रशिक्षित कर्मचारी उपलब्ध कराना।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लखनऊ के लिए सोशल मीडिया संचार केंद्र की स्थापना और कामकाज, प्रचालन और रखरखाव से संबंधित सेवाएं प्रदान करना

सूचना और जनसंपर्क विभाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश सरकार के 24x7 कामकाज, संचालन और रखरखाव से संबंधित सोशल मीडिया संचार केंद्र के लिए निगरानी और प्रतिक्रिया सेवाएं प्रदान करना

कार्यक्षेत्र का संक्षिप्त वर्गीकरण इस प्रकार है:

- खोज – सोशल मीडिया पर विभिन्न कार्यकलापों का विश्लेषण करना
- निर्णय – समस्याग्रस्त कार्यकलापों का पृथक्करण
- सवेतन और निजी मीडिया डेटा सहित पूरे सोशल मीडिया खंड के लिए क्रॉलिंग क्षमताएं
- ब्रोकर सब सिस्टम – प्रारंभिक चेतावनी
- सोशल मीडिया रुझान निगरानी
- सोशल मीडिया भावनाओं की निगरानी
- सोशल मीडिया की संकेतक वार निगरानी
- सरकार से संबंधित कार्यकलापों के लिए प्रासंगिक रुझानों की ट्रैकिंग
- सामाजिक अभियान/घटनाक्रम निगरानी
- श्रवण उपकरण
- सोशल मीडिया भावनाओं की निगरानी
- क्रियाशील डेटा की पहचान

  - o प्रभावक पहचान
  - o क्रियाशील डेटा वर्गीकरण
  - o एंटरप्राइज रूटिंग का पालन
  - o नवीनतम अर्थ संबंधी विश्लेषण का पालन
- सोशल मीडिया ट्रैकिंग
- आरंभिक चेतावनी प्रणाली
- विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार करना
- पहुंच रिपोर्टें तैयार करना

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रसारण विंग के स्वचालन के लिए वेब–पोर्टल का डिजाइन, विकास और रखरखाव परियोजना में निम्नलिखित शामिल हैं:

- परियोजना दृष्टिकोण हासिल करने में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रसारण विंग के लिए सहायक प्रक्रियाओं और अनुप्रयोगों को डिजाइन, विकसित और कार्यान्वित करना।
- इच्छुक कंपनियों/आवेदकों को, वेब–पोर्टल पर विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोग के लिए आवेदन करने और आवेदन की स्थिति जानने के लिए एक आसान और पारदर्शी तरीका प्रदान करना।
- नियमित आधार पर प्रासंगिक और आवश्यक जानकारी की उपलब्धता।
- दक्षता बढ़ाने और प्रभावी निर्णय लेने के लिए निगरानी और प्रशासन में सुधार करना।
- विभिन्न प्रकार की जानकारी का कागजी संग्रह कम करना।
- सभी कार्यों में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की सूचना प्रणाली के प्रसारण विंग का एकल और एकीकृत दृश्य विकसित करना।
- बेहतर और उन्नत निर्णय समर्थन प्रणाली और अच्छी तरह समर्थित प्रणाली और प्रचालन की मापनीयता।
- प्रासंगिक जानकारी का समयबद्ध संग्रह।
- प्रबंधन/निगरानी में विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों की सहायता करना।
- सभी संसाधनों की उत्पादकता का स्वचालन और संवर्धन।

वेब–पोर्टल के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग के कार्यान्वयन से निम्न परिणामों की परिकल्पना की गई है:

- विभिन्न मामलों के ई–आवेदन की स्थिति, कंपनियों/उपयोक्ताओं आदि के शुल्क/भुगतान आदि जैसे विभिन्न पहलुओं पर कंपनियों/उपयोक्ताओं के अनुरोध की ट्रैकिंग।
- निर्णय लेने की सुविधा के लिए केंद्रीयकृत डेटाबेस का निर्माण।
- इच्छुक कंपनियों को जानकारी और ऑनलाइन सेवाओं का प्रसार।
- प्रसारण विंग द्वारा किए गए विभिन्न कार्यकलापों की निगरानी में दक्षता और उत्तरदायित्व की वृद्धि करना।
- विभिन्न स्तरों पर जानकारी साझा करने में मदद करना।
- लीगेसी डेटा माइक्रोफिल्मिंग से अनुकूलन के लिए सॉफ्टवेयर खुला/संगत होना चाहिए।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन प्रभाग निदेशालय की सूची प्रबंधन और अन्य व्यावसायिक प्रक्रियाओं का कम्प्यूटरीकरण

- निम्नलिखित मॉड्यूल के साथ प्रकाशन प्रभाग के लिए सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग:
  - i. लेखक प्रबंधन प्रणाली

ii. इन्वेंटरी प्रबंधन प्रणाली

iii. बिक्री/आदेश प्रबंधन प्रणाली

iv. वित्तीय प्रबंधन प्रणाली

v. शिकायत प्रबंधन प्रणाली

vi. डिजिटल अधिकार प्रबंधन प्रणाली

- एसएमएस गेटवे, भुगतान गेटवे के साथ ही उपरोक्त मॉड्यूलों विशेष रूप से सूची, बिक्री और वित्त मॉड्यूल के लिए वेबसाइट इंटरफेस

इलेक्ट्रानिक मीडिया निगरानी केंद्र, 10वीं मंजिल, सूचना भवन, नई दिल्ली स्थित, में विभिन्न वस्तुओं, उपकरण, सिस्टम की आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण और चालू करना

बेसिल ने अतिरिक्त मशीनरी, उपस्करों, अन्य तकनीकी सेटअप और कार्यालय स्थान के लिए प्रदान की गई इलेक्ट्रानिक मीडिया निगरानी केंद्र, 10वीं मंजिल, सूचना भवन, नई दिल्ली स्थित, को केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली की स्थापना के साथ 900 टीवी चैनलों की निगरानी के लिए इसका विस्तार किया है।

पिछला स्थापन इन्द्रप्रस्थ एस्टेट में 300 चैनलों के लिए एनालॉग निगरानी स्थापन था।

सेटअप के विस्तार में शामिल हैं:

- मौजूदा निगरानी क्षमता को 300 से बढ़ाकर 1500 उपग्रह टीवी चैनलों तक करना।
- सूचना भवन में कार्यात्मक अपेक्षा और बिजली की निर्बाध आपूर्ति, ध्वनिक कार्य और प्रेसिजन एयर कंडीशनिंग इत्यादि सहित उच्च स्तरीय इंटीरियर के अनुरूप स्थायी सौंदर्य गुणवत्ता और कार्यक्षमता के सिविल संशोधन और निर्माण कार्य करना।
- कम्प्यूटर नियंत्रित उपग्रह से जुड़े अत्यधिक विन्यासयोग्य रेडियो फ्रीक्वेंसी स्विचिंग प्रणाली सहित पूरे भारत में पहुंच सहित सभी उपग्रहों को देखने/इंगित करने वाले विभिन्न आकार के पेशेवर गुणवत्तापूर्ण डिश एंटीना की स्थापना और संबंधित लॉगर्स आदि से जुड़े आउटपुट से आरएफ की रूटिंग।
- स्वचालित सामग्री खोज और विज्ञापन ट्रैकिंग आदि के साथ मीडिया की तीव्र रिकॉर्डिंग और पुनर्प्राप्ति और संग्रहण सहित सेकेंड–वार समय मुद्रांकन सटीकता सहित 24x7 आधार पर संबंधित इलेक्ट्रॉनिक लॉगर्स और रिकॉर्डिंग सेटअप के लिए ऑडियो और वीडियो फीड्स की रूटिंग की व्यवस्था करना। सॉफ्टवेयर को ऐसे डिजाइन किया जाएगा ताकि यह अंग्रेजी में ऑडियो स्ट्रीम (उर्दू और क्षेत्रीय भाषाओं के लिए) के स्वचालित अनुवाद को सुविधाजनक बना सके जिससे उपयोक्ता अन्य भाषाओं में तीव्रता और कुशलता से समाचार सामग्री के विशाल संग्रहों की खोज कर सकें। सॉफ्टवेयर स्वचालित रूप से वीडियो–ऑडियो क्लिप जैसे विज्ञापन, प्रोमो, चुनाव अभियान विज्ञापन इत्यादि का पता लगाने में सक्षम होगा।

म्यांमार इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, मंडाला, म्यांमार स्थित, के कक्षा उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करना और ऑनसाइट सहयोग

बेसिल ने म्यांमार इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, मंडाला, म्यांमार स्थित, के कक्षा उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करने और ऑनसाइट सहयोग का कार्य किया है।

पूरे भारत में केंद्रीय भंडारण निगम के 254 (दो सौ चौवन) गोदामों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करना और रखरखाव

बेसिल ने भारत भर में केंद्रीय भंडारण निगम के 254 (दो सौ चौवन) गोदामों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करना और रखरखाव किया है।

पूर्वी कमान के तहत विभिन्न सैन्य स्टेशनों के लिए सीसीटीवी उपकरणों की खरीद और स्थापना

बेसिल ने पूर्वी कमान के तहत विभिन्न सैन्य स्टेशनों के लिए सीसीटीवी उपकरणों की खरीद और स्थापना की है।

नेशनल मीडिया सेंटर, रायसीना रोड, नई दिल्ली में स्थापित ऑडियो–विजुअल और सीसीटीवी प्रणाली का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और प्रचालन

बेसिल ने नेशनल मीडिया सेंटर, रायसीना रोड, नई दिल्ली में स्थापित ऑडियो–विजुअल और सीसीटीवी प्रणाली का ऑनसाइट व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और प्रचालन किया है।

मिशन डिजिटलीकरण परियोजना

इसके कार्यक्षेत्र में देश भर में 12 क्षेत्रीय इकाइयों की स्थापना, इन क्षेत्रीय इकाइयों में संविदा कर्मचारियों की भर्ती, बहुभाषी कॉल सेंटर की स्थापना, एसटीबी सीडिंग की निगरानी के लिए एमआईएस अनुप्रयोग का विकास, केबल टीवी डिजिटलीकरण के सभी हितधारकों को अद्यतन और आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए समर्पित वेबसाइट का विकास शामिल है। सीडिंग डाटा को नियमित रूप से अद्यतन करने, सूचना के प्रसार हेतु कार्यशालाओं के आयोजन का कार्य और सभी कार्यकलाप पूरे कर लिए गए हैं, हालांकि, कोविड महामारी के चलते, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बाद में परियोजना की समापन दिनांक जून 2020 तक बढ़ाई है।

ट्राई विनियमन के अनुसार लेखापरीक्षा

बेसिल ने ट्राई विनियमों के अनुसूची I के अनुसार डिजिटल एड्रेसेबल प्रणाली की लेखापरीक्षा संपन्न की है। लेखापरीक्षा में ग्राहक को परामर्श के साथ ही डीएएस प्रणाली को ट्राई अनुसूची I अनुपालन के अनुसार बनाने की सलाह देना भी शामिल है। सभी लेखापरीक्षाएं अपेक्षा के अनुसार संपन्न की गई हैं।

माननीय टीडीसैट के निर्देशों के अनुसार लेखापरीक्षा

बेसिल टीडीसैट के विशिष्ट निर्देशों के अनुसार लेखापरीक्षा संचालित कर रहा है। लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र माननीय टीडीसैट के निर्देशों के अनुसार मामले दर मामले पर निर्भर करता है। यह वाणिज्यिक लेखापरीक्षा के साथ ही तकनीकी लेखापरीक्षा दोनों हो सकती है। माननीय टीडीसैट के सभी संदर्भों पर, अपेक्षित होने पर, ध्यान दिया गया।

प्रसार भारती की जनशक्ति लेखापरीक्षा करने वाली एजेंसी चुनने के लिए व्यावसायिक सेवाएं

प्रसार भारती ने बेसिल के साथ प्रसार भारती की जनशक्ति लेखापरीक्षा करने वाली पेशेवर एजेंसी की खोज और चयन के लिए एक अनुबंध किया है।

''दूरदर्शन समाचार चैनलों के स्वरूप और अनुभव में वृद्धि करने के लिए रचनात्मक इनपुट, तकनीकी अवसंरचना और जनशक्ति उपलब्ध कराने'' के लिए ग्राफिक्स एजेंसी के चयन के लिए व्यावसायिक सेवाएं

दूरदर्शन समाचार ने, दूरदर्शन समाचार चैनलों के स्वरूप और अनुभव में वृद्धि करने के लिए रचनात्मक इनपुट, तकनीकी अवसंरचना और जनशक्ति प्रदान करने'' के लिए ग्राफिक एजेंसी की पहचान और चयन के लिए बेसिल के साथ एक अनुबंध किया है।

ब्यूरो ऑफ आउटरीच एंड कम्युनिकेशन के लिए 380 जिलों में जिला स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम

ब्यूरो ऑफ आउटरीच एंड कम्युनिकेशन ने ग्रामीण आबादी के लिए सरकारी योजनाओं पर जिला स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम/जमीनी स्तर पर सक्रियता अभियान चलाने के लिए टर्नकी आधार पर बेसिल की व्यावसायिक सेवाएं प्राप्त करने के लिए बेसिल से संपर्क किया। इसका उद्देश्य समयबद्ध तरीके से कार्य का निष्पादन करने के लिए विशेषज्ञ पेशेवर एजेंसियों को शामिल करना था। टर्नकी आधार पर अपेक्षित व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करने के लिए बेसिल और तत्कालीन फील्ड प्रचार निदेशालय (अब बेसिल में शामिल) के बीच हस्ताक्षर किए गए अनुबंध के आधार पर बेसिल ने यह कार्य किया।

318 जिलों में कार्यक्रम के निष्पादन के लिए बीओसी द्वारा बेसिल को जारी कार्य आदेश के आधार पर, बेसिल ने पेशेवर एजेंसियों

को नियोजित किया। आउटरीच प्रोग्राम में उपयोग की जाने वाली सभी रचनात्मक सामग्री को बेसिल स्थित कॉमन कमांड सेंटर में तैयार और विभिन्न राज्यों के आउटरीच प्रोग्राम के लिए विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया गया।

सैपनेट, आंध्र प्रदेश + एनएलई और सैपनेट के लिए डीटीपी कार्यों के लिए आरंभिक तीन महीनों के लिए किराया आधार पर क्यू–बैंड (जीसैट–8) डीएसएनजी और मोबाइल वैन (पीसीआर, एमसीआर इत्यादि) का संपूर्ण आद्योपांत समाधान प्रदान करना

सैपनेट माना टीवी अमरावती दो शैक्षणिक टेलीविजन चैनल, माना टीवी 1 (प्ले बैक चैनल) और माना टीवी 2 (लाइव चैनल) संचालित कर रहा है। यह चैनल उपग्रह संचार के माध्यम से 17 मेगाहर्ट्ज केयू–बैंड (एपी और टीएस) में शैक्षिक और मानव विकास सामग्री के प्रसारण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार की सहायता से स्थापित किया गया है।

बेसिल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विस्तार, महिला विकास, ई–शासन, ग्रामीण विकास, स्वयं सहायता समूहों और सामुदायिक इंटरनेट केंद्रों में जागरूकता पैदा करने, मानव संसाधन विकास, दूरस्थ प्रशिक्षण/क्षमता निर्माण, डिजिटल इंडिया के क्षेत्र में सामाजिक क्षेत्र के लाइव कार्यक्रमों को कवर करने के लिए अपेक्षित जनशक्ति सहित डीएसएनजी और ओबी वैन प्रदान करने के लिए निविदा के आधार पर यह कार्य प्राप्त किया।

जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन, पांडिचेरी के लिए एचडी टीवी स्टूडियो, इंटरनेट रेडियो, सीआरएस की स्थापना और डिजिटल साइनेज समाधान

जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च ने शैक्षिक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सामग्री के निर्माण पश्चात और लाइव कवरेज रिकॉर्डिंग के लिए अपने परिसर में एक विशेष एचडी टीवी स्टूडियो और इंटरनेट रेडियो स्टूडियो सुविधा की स्थापना की है और जेआईपीएमईआर ने लॉबी के अतिथियों और पंजीकरण डेस्क के पीछे डिस्प्ले बधाई, दिशानिर्देश और ब्रांडिंग के उपयोग के लिए अपने परिसर में एक विशेष डिजिटल साइनेज सॉल्यूशन सुविधा भी स्थापित की है। एलीवेटर्स में डिजिटल साइनेज अतिथियों को विभिन्न विभागों, और स्वास्थ्य के बारे में भी उपयोगी जानकारी प्रदान करता है। जटिल आईटी अवसंरचना और कर्मचारियों की जरूरत के बिना, बदलती जरूरतों के अनुसार सामग्री को संशोधित करना।

भारतीय खाद्य निगम के वेयरहाउस/डिपो में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण, चालू करना और रखरखाव

बेसिल ने भारतीय खाद्य निगम द्वारा वर्ष 2015–16 के दौरान जारी प्रतिस्पर्धा के आधार पर उक्त (सीमित निविदा) परियोजना हासिल की। बेसिल, ईसीआईएल, बीईएल, आईटीआई लिमिटेड, टीसीआईएल, सीईएल उक्त परियोजना में प्रतिभागियों की सूची में थे। यह परियोजना वर्ष 2016–17 में शुरू हुई और अब भी निष्पादन के अधीन है। कार्यक्षेत्र और कार्य में साइट सर्वेक्षण के अनुसार चयनित गोदामों में प्रवेश/निकास द्वारों, वजन कांटे, रास्ते के साथ ही प्लेटफॉर्म पर एनालॉग आईआरवीएरी–फोकल बुलेट कैमरे स्थापित करना शामिल है। कनेक्टरों/बूस्टरों द्वारा निर्बाध छवि दृश्यता प्रदान की जाती है। सीसीटीवी कार्यों की निगरानी और प्रबंधन के लिए 32 इंच एलईडी मॉनिटर से जुड़े नियंत्रण कक्ष (डिपो प्रबंधक के कार्यालय) में रखे गए डीवीआर को सभी कैमरों से नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। आरंभ में 30 दिनों की अवधि की सीसीटीवी फुटेज रिकॉर्डिंग में अपेक्षा के अनुसार रिकॉर्डिंग अवधि को बढ़ाए जाने का प्रावधान किया जाना है।

जनशक्ति प्लेसमेंट सेवाओं की परियोजना

कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में आउटसोर्सिंग का एक नया कार्यक्षेत्र शुरू करते हुए युवाओं के लिए रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बेसिल निर्धारित भर्ती प्रक्रियाओं का पालन करते हुए पूरे भारत में विभिन्न सरकारी संगठनों को तकनीकी और गैर–तकनीकी जनशक्ति प्रदान कर रहा है।

बेसिल कई सरकारी कार्यालयों में उनकी अपेक्षा अनुसार मानव संसाधन, वित्त, विपणन आदि क्षेत्रों में, तकनीशियन, इंजीनियर, तकनीकी सहायक, प्रोग्रामर, सलाहकार, परामर्शदाता, डाटा एंट्री ऑपरेटर, एमटीएस, चपरासी, संदेशवाहक, अकुशल, अर्ध–कुशल और कुशल जनशक्ति आदि विभिन्न प्रोफेशनल्स उपलब्ध करा रहा है और संभावित उम्मीदवारों का एक डेटाबेस रखता है।

बेसिल निम्नलिखित सरकारी संगठनों को जनशक्ति उपलब्ध करा रहा है:

1) प्रधानमंत्री कार्यालय
2) दिल्ली विकास प्राधिकरण
3) भारत निर्वाचन आयोग
4) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद
5) भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण
6) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
7) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
8) दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय
9) विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय
10) सूचना और प्रसारण मंत्रालय
11) ग्रामीण विकास मंत्रालय
12) संस्कृति मंत्रालय, मीडिया सेल।
13) आकाशवाणी
14) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
15) प्रेस सूचना ब्यूरो – दिल्ली स्थित मुख्यालय सहित सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन देश भर के अन्य क्षेत्रीय कार्यालय
16) भारत का समाचारपत्र पंजीयक कार्यालय
17) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया निगरानी केंद्र
18) राज्यसभा टीवी चैनल
19) परियोजना प्रबंधन एकक
20) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान
21) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र
22) राष्ट्रपति भवन
23) स्टेट रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, सैटेलाइट कम्युनिकेशन नेटवर्क, जयपुर
24) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
25) सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग स्कूल, जयपुर
26) आयकर महानिदेशालय (सतर्कता)

रोजगार उन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

हमारे समाज के कुशल और अकुशल युवाओं के लिए रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए, बेसिल बिजली/विद्युत क्षेत्र में 33/11 केवी सबस्टेशन और एलटी/एचटी वितरण लाइनों के प्रचालन/रखरखाव में संलग्न कुशल और अकुशल जनशक्ति को प्रमाणित रोजगार उन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।



संविदा कर्मचारियों के लिए 33/11 केवी सबस्टेशन पर सुरक्षा और संचालन और रखरखाव के लिए प्रशिक्षण

2. भविष्य का दृष्टिकोण

➢ कंपनी का प्रबंधन वित्तीय वर्ष 2020–21 में निम्न तरीकों से प्रचालन लाभ बढ़ाने के लिए उत्सुक है:

- कंसल्टेंसी व्यवसाय में वृद्धि
- विदेशी निविदाओं में भागीदारी
- उपलब्ध संसाधनों का इष्टतम उपयोग
- वार्षिक रखरखाव संविदाओं में वृद्धि
- नए क्षेत्रों में विविधीकरण

3. प्रशासनिक और अन्य कार्यकलाप

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी ने निम्नलिखित प्रशासनिक और अन्य कार्यकलाप किए हैं:

स्वच्छता पखवाड़ा: स्वच्छता ही सेवा

देश भर में स्वच्छता अभियान अपनाने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप, बेसिल ने 16.01.2020 से 31.01.2020 के दौरान ''स्वच्छता पखवाड़ा'' मनाया।

''स्वच्छता पखवाड़ा'' के दौरान, ''स्वच्छता पखवाड़ा'' की सफलता सुनिश्चित करने के लिए बेसिल के सभी कर्मचारियों के लिए एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अधिकारियों/कर्मचारियों के अधिभोग वाले सभी कमरों/क्षेत्रों के साथ ही बेसिल भवन के आसपास एक स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

4. मानव संसाधन विकास

मानव संसाधन विकास समग्र प्रबंधन का एक अभिन्न अंग है। कंपनी की सबसे मूल्यवान परिसंपत्ति, कर्मचारियों को तेजी से बदलती तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल रखने के लिए लगातार प्रशिक्षित किया जाता है।

कंपनी के संकाय और आउटसोर्स विशेषज्ञ नए प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। वरिष्ठ, मध्यम स्तर और युवा पेशेवरों के न्यायसंगत मिश्रण सहित सभी रैंकों के अधिकारियों को प्रशिक्षण आवश्यकताओं के आधार पर रोस्टर के माध्यम से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामित किया जाता है।

अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक उम्मीदवारों की नियुक्ति

कंपनी आरक्षण नीतियों पर सरकार के दिशानिर्देशों/निर्देशों का पालन करती है। तदनुसार, कंपनी में भर्ती और पदोन्नति करते समय अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के संबंध में आरक्षण मामलों और अल्पसंख्यकों की नियुक्ति के लिए सरकार के दिशानिर्देशों/निर्देशों पर ध्यान दिया जाता है। इन श्रेणियों के लिए निर्धारित आरक्षण कोटा के उचित प्रक्षेपण के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रासंगिक रोस्टर बनाया जाता है। मानव संसाधन अधिकारी द्वारा समय–समय पर जांच/निरीक्षण किए जाते हैं और सक्षम प्राधिकारी को रिपोर्ट/सुझाव दिए जाते हैं। आरक्षण नीतियों के कार्यान्वयन के लिए की गई कार्रवाई पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग और अन्य सरकारी विभागों को भी आवधिक रिपोर्ट/रिटर्न भेजी जाती है।

बेसिल का प्रशिक्षण प्रभाग

कंपनी में 2010 में निम्न उद्देश्य से एक समर्पित प्रशिक्षण प्रभाग की शुरूआत की गई:

बेसिल कर्मचारियों की मानव संसाधन विकास जरूरतों की देखभाल

- कर्मचारियों की क्षमताओं का उन्नयन करने के लिए तकनीकी और प्रबंधन विषयों पर प्रशिक्षणों का आयोजन
- प्रशिक्षण से संबंधित व्यावसायिक कार्यकलाप करना,
- सीएटीवी डिजिटलीकरण के संदर्भ में डिजिटल वायरलाइन प्रसारण के क्षेत्र में प्रशिक्षण की व्यवस्था करना

मानव संसाधन विकास और प्रशिक्षण के क्षेत्र में वर्ष 2019–20 की उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

बेसिल कर्मचारियों को प्रशिक्षण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी के कर्मचारियों को निम्नलिखित विशेष प्रशिक्षण प्रदान किए गए हैं:

1. ''निष्पादन बढ़ाने के लिए गैर–वित्त पेशेवर के लिए सरलीकृत वित्त'' पर 30–31 मई, 2019 को दो दिवसीय कार्यशाला (कार्यपालक की संख्या–01)
2. खरीद (प्रक्रिया, निविदा, बोलियां और अनुबंध प्रबंधन (07 वां संस्करण) पर 11 से 14 जून, 2019 को चार दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कार्यपालक की संख्या–01)
3. ''व्यवधान के युग में कारपोरेट संचार–अभिनव समाधान'' पर 2–3 अगस्त, 2019 को स्कोप कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली–110003 में शिखर सम्मेलन (कार्यपालक की संख्या–01)
4. ''जोखिम प्रबंधन'' पर 8–9 अगस्त, 2019 को विवांता बाइ ताज, सूरजकुंड, फरीदाबाद में कार्यशाला (कार्यपालक की संख्या–02)
5. ''सामान्य वित्तीय नियम 2017 और सरकारी ई–मार्केटप्लेस'' पर 26–27 सितंबर, 2019 को ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन, 15 लिंक रोड, लाजपत नगर–3, दिल्ली–110024 में दो दिवसीय कार्यशाला (कार्यपालक की संख्या – 02)
6. ''वित्तीय विवरण का विश्लेषण'' पर 14–18 अक्टूबर, 2020 को प्रबंधन विकास कार्यक्रम (कार्यपालक की संख्या– 01)
7. ''मजदूरी संहिता, 2019 के विशेष संदर्भ में श्रम कानूनों का अनुपालन'' पर 3–4 मार्च, 2020 को ठेका श्रमिकों के प्रबंधन पर इंटरएक्टिव संगोष्ठी (कार्यपालक की संख्या– 01)
8. ''कारपोरेट जोखिम प्रबंधनः आईएसओ 31000 और आईएसओ 37001 के साथ जुड़ाव'' पर 14–15 नवंबर, 2019 को इंडिया हैबिटेट सेंटर में दो दिवसीय कार्यशाला (कार्यपालक की संख्या– 02)
9. ''आरटीआई अधिनियम 2005 और 2012 के कार्यान्वयन, सीपीएसई को वाणिज्यिक सूचना और पारदर्शिता लेखापरीक्षा की चुनौतियों'' पर 26–27 फरवरी 2020 को संगोष्ठीं (कार्यपालक की संख्या– 01)

5. सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन

कंपनी ने वित्त वर्ष 2020–21 के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

6. कारपोरेट अभिशासन

हमारे कारपोरेट अभिशासन सिद्धांत

कंपनी कॉरपोरेट अभिशासन का महत्व पहचानती है और इसलिए यह अपने सभी हितधारकों को प्रकटन करते हुए कारपोरेट अभिशासन मानदंडों के साथ पारदर्शिता की सर्वोत्तम पद्धतियों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्त विंग में पारदर्शिता को सशक्त और सुनिश्चित करने की दृष्टि से, कंपनी ने लेखापरीक्षा समिति गठित की है। कंपनी ने अन्य बातों के साथ ही कार्यपालकों और गैर–संगठित पर्यवेक्षकों में वितरण हेतु नियमों द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर कार्यनिष्पादन संबंधित वेतन और नीति निर्धारित करने के लिए पारिश्रमिक समिति भी गठित की है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने नियत समय के भीतर लोक उद्यम विभाग को कारपोरेट अभिशासन के कार्यान्वयन पर त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2019–20 में कारपोरेट अभिशासन दिशानिर्देशों के तहत ''उत्कृष्ट'' रेटिंग हासिल की है। बेहतर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, कंपनी ने कारपोरेट अभिशासन पर एक अलग खंड शामिल किया है जिसे अनुलग्नक–I के रूप में इस रिपोर्ट के साथ जोड़ा गया है।

वार्षिक रिपोर्ट के एक अभिन्न भाग के रूप में प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट तैयार करके अनुलग्नक–II के रूप में संलग्न की गई है।

कंपनी ने लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी कारपोरेट अभिशासन दिशानिर्देशों की शर्तों के अनुपालन पर प्रमाणपत्र भी प्राप्त किया और अनुलग्नक–III के रूप में वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न किया है।

आचार संहिता

कंपनी ने सभी बोर्ड सदस्यों और कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता निर्धारित की है। सभी संबंधित व्यक्तियों से कंपनी की आचार संहिता के वार्षिक आधार पर अनुपालन की पुष्टि प्राप्त की गई है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा इस संबंध में विधिवत हस्ताक्षरित घोषणा अनुलग्नक–IV के रूप में संलग्न की गई है।

सतर्कता तंत्र

कर्मचारियों को अनैतिक व्यवहार, वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी, या आचरण या नैतिकता नीति पर कंपनी के सामान्य दिशानिर्देशों के उल्लंघन के बारे में प्रबंधन को सूचित करने हेतु तंत्र की स्थापना करने की दृष्टि से, कंपनी के निदेशक मंडल ने 28 जनवरी, 2014 को संपन्न इसकी 92वीं बैठक में व्हिसल ब्लोअर नीति का अनुमोदन किया।

यह तंत्र इसका लाभ उठाने वाले कर्मचारियों को भी उत्पीड़न से पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करता है और असाधारण मामलों में लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को प्रत्यक्ष अभिगम भी प्रदान करता है।

सतर्कता कार्यकलाप

कंपनी का सतर्कता अनुभाग केंद्रीय सतर्कता आयोग, लोक उद्यम विभाग और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार अनुपालन के लिए निवारक सतर्कता के सभी पहलुओं को सशक्त बनाने के उपायों के संबंध में नियमित रूप से मानदंड और दिशानिर्देश जारी करता रहा है।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय जांच ब्यूरो और सूचना और प्रसारण मंत्रालय को आवधिक रिटर्न नियमित रूप से प्रस्तुत की जा रही हैं और पूछताछों का उचित और तत्काल उत्तर दिए जाने के अलावा, समय–समय पर औचक जांच/निरीक्षण किए जाते हैं और निरंतर सतर्कता रखी जाती है।

जोखिम प्रबंधन नीति का विकास और कार्यान्वयन

कंपनी ने जोखिम प्रबंधन नीति को विकसित और कार्यान्वित करने के लिए कदम उठाए हैं जो प्रगति पर है।

बोर्ड की बैठकों की संख्या

वित्तीय वर्ष के दौरान बोर्ड द्वारा चार बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों का विवरण कारपोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट में दिया जाता है जो इस वार्षिक रिपोर्ट का भाग है। किन्हीं दो बैठकों के बीच अधिकतम अंतराल, कंपनी अधिनियम, 2013 में यथा निर्धारित, 120 दिनों से अधिक नहीं रहा।

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा दी गई घोषणा पर वक्तव्य

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी के स्वतंत्र निदेशक ने कंपनी अधिनियम, 2013 की 149(7) के तहत घोषणा प्रस्तुत की है।

वरिष्ठ प्रबंधन और अन्य कर्मचारियों के पारिश्रमिक संबंधी नीति

कंपनी में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कार्मिक मैनुअल नियमित कर्मचारियों पर लागू होता है।

7. निदेशक

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, श्रीमती रंजना उपाध्याय, अशासकीय निदेशक का कार्यकाल 15.02.2020 को समाप्त हो गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने श्री बी. त्यागराजन और से.नि. एयर मार्शल विरेंद्र मोहन खन्ना को दिनांक 19.02.2020 से तीन वर्ष की अवधि के लिए अशासकीय निदेशक नियुक्त किया है।

इसके अतिरिक्त, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सुश्री अंजु निगम, निदेशक (सरकारी नामिती) का नामांकन वापस ले लिया है और श्री विक्रम सहाय, संयुक्त सचिव (पीएंडए), सूचना और प्रसारण मंत्रालय को 24.02.2020 से कंपनी का पदेन निदेशक (सरकारी नामिती) नियुक्त किया है।

निदेशक मंडल में कोई अन्य परिवर्तन नहीं हुआ।

बोर्ड की समितियां

31 मार्च, 2020 को, बोर्ड की दो समितियां: लेखापरीक्षा समिति और पारिश्रमिक समिति, हैं। बोर्ड और इसकी समितियों के गठन पर एक विस्तृत नोट इस वार्षिक रिपोर्ट की कारपोरेट अभिशासन रिपोर्ट में दिया गया है।

निदेशकों का उत्तरदायित्व कथन

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अनुसार, निदेशकों का कथन है कि:

- वार्षिक खाते तैयार करने में, सामग्री प्रस्थान से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखा मानकों का पालन किया गया;
- निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन और उन्हें निरंतर लागू किया और ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए जो उचित और विवेकपूर्ण हैं ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के कामकाज और उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ और हानि के बारे में सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दिया जा सके;
- निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं की रोकथाम और पहचान करने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की;
- निदेशकों ने वार्षिक खाते चलायमान प्रतिष्ठान के आधार पर तैयार किए; और
- निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त और प्रभावी ढंग से प्रचालन कर रही थी।

8. वित्तीय विवरणों और स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का संशोधन

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों में भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के आधार पर संशोधित किया गया है। खातों में परिवर्धन/संशोधन का विवरण निम्न प्रकार हैं:

खातों में परिवर्धन/संशोधन:

(क) वित्तीय प्रभाव वाली मदें

नोट 25: मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय और नोट 27: पूर्व अवधि व्यय

(क) (i) नोट नं. 27 में 5,05,893 रुपये की राशि को पूर्व अवधि आय में जमा किया गया है और नोट नं. 25 में चालू वर्ष के मूल्यह्रास में 1,08,674 रुपये की कमी की गई है।

(क) (ii) नोट नं. 25 में 'अस्थायी संरचना' पर चालू वर्ष का मूल्यह्रास 4,131 रुपये और नोट नं. 27 में 'पूर्व अवधि व्यय' में 69,350 रुपये की वृद्धि की गई है।

(ख) गैर–वित्तीय प्रभाव/संशोधन वाली मदें

(ख) (i) नोट नं. 12 अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियां और नोट नं. 15 नकद और बैंक शेष

– 12 महीने से अधिक की परिपक्वता तिथि वाली 7,34,224 रुपये की सावधि जमा राशि को नोट नं. 15 नकद और बैंक शेष से नोट नं. 12 अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियां में पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

– 11,22,748 रुपये की राशि को नोट नं. 15 में 'अन्य बैंक शेष' से 'नकद और नकद समतुल्य' में पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

(ख) (ii) नकदी प्रवाह विवरण

– व्यापार प्राप्य और अन्य परिसंपत्ति में 1,36,06,186 रुपये की वृद्धि/कमी को प्रचालन गतिविधियों से निवेश गतिविधियों में पुनःसमूहित किया गया है।

– सावधि जमा पर टीडीएस के कारण ऋण और अग्रिम में 16,48,922 रुपये की वृद्धि/कमी को प्रचालन गतिविधियों से निवेश गतिविधियों में पुनःसमूहित किया गया है।

– व्यापार देय और अन्य देयताओं (प्रतिभूति जमा और प्रतिधारण राशि) में 18,15,86,892 रुपये की वृद्धि/कमी को प्रचालन गतिविधियों से वित्तीय गतिविधियों में पुनःसमूहित किया गया है।

(ख) (iii) नोट नं. 26 अन्य व्यय और असाधारण मदें

– नोट नं. 26 में बैंक गारंटी नकदीकरण के कारण हानि की 85,19,283 रुपये की राशि को लाभ और हानि विवरण में 'अन्य व्यय' से 'असाधारण मद' में पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

(ग) प्रभावों का सारांश

उपरोक्त अवलोकन के वित्तीय प्रभाव से चालू वर्ष की हानियों में 3,90,556 रुपये (4,85,32,438 रुपये से घटकर 4,81,41,882 रुपये) की कमी आई है।

9. लेखापरीक्षा रिपोर्टें और लेखापरीक्षक

सांविधिक लेखापरीक्षक

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के तहत मैसर्स ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली को वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी का सांविधिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया।

लेखापरीक्षा रिपोर्ट

- **सांविधिक लेखापरीक्षक द्वारा अपनी रिपोर्ट में**

  लेखाओं पर लेखापरीक्षकों के अवलोकन और संबंधित टिप्पणियां स्वयं–व्याख्यात्मक हैं और कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(च) के तहत कोई अन्य स्पष्टीकरण अपेक्षित नहीं है।

- **कार्यरत कंपनी सचिव द्वारा अपनी सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट में**

  चूंकि कंपनी, कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के तहत उल्लिखित अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करती, अतः सचिवीय लेखापरीक्षा इस कंपनी पर लागू नहीं है।

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएजी) ने कंपनी के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है और सीएजी की टिप्पणियां संलग्न की गई हैं।

9. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

वर्ष के दौरान की गई कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलें

- **वर्ष के दौरान की गई कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलें**

  पिछले वर्ष 2019–20 के दौरान, कंपनी को हानि हुई। अतएव, इसने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कोई पहल नहीं की।

- **कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति का गठन**

  कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 की उप–धारा (1) के तहत निर्दिष्ट मानदंडों के तहत नहीं आती, अतएव, इसे कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति का गठन करना अपेक्षित नहीं है।

कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति की सामग्री का प्रकटन

कंपनी के निदेशक मंडल ने 14 दिसंबर, 2010 को संपन्न 70वीं बैठक में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति का अनुमोदन किया है। हालांकि, कंपनी अधिनियम, 2013 के अधिनियमन के बाद हुए परिवर्तनों और 01.04.2014 से सीपीएसई के लिए कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और स्थायित्व पर जारी दिशानिर्देशों पर विचार करते हुए, नीति समीक्षाधीन है और इसे अद्यतन किया जा रहा है।

सीएसआर के तहत कार्यकलापों के संभावित क्षेत्र निम्नलिखित हैं (सूची संकेतक है और पूर्ण नहीं है):

- सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना
- व्यावसायिक और विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करना
- आरएफ, मानवों पर जोखिम/प्रभाव के लिए सुरक्षा मानकों का विकास
- गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना
- प्रसारण सेटअप के लिए ग्रीन बिल्डिंग
- सौर प्रकाश व्यवस्था
- देश के किसी भाग में भूकंप, चक्रवात, सूखे और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों को राहत देना
- कला और संस्कृति को बढ़ावा देना
- क्रीड़ाओं और खेलों को बढ़ावा देना
- सुधार/कमजोरियों से संबंधित आपदा प्रबंधन कार्यकलाप
- पर्यावरण/पारिस्थितिकी और सतत विकास के संरक्षण से संबंधित कार्यकलाप
- अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांग श्रेणियों से संबंधित मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति
- भारत के प्राकृतिक विश्व धरोहर स्थलों के आसपास प्रकृति शिक्षा कार्यशाला
- आवश्यक समझे गए कोई अन्य कार्यकलाप

10. वार्षिक रिटर्न का सारांश

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, वार्षिक रिटर्न का एक सारांश तैयार किया और अनुलग्नक–V के रूप में जोड़ा गया है जो इस रिपोर्ट का भाग है।

11. यौन उत्पीड़न

कंपनी में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रति शून्य सहिष्णुता है और कंपनी में कार्यरत महिलाओं को यौन उत्पीड़न से मुक्त पर्यावरण प्रदान करने के उद्देश्य से, कंपनी ने आंतरिक शिकायत समिति गठित की है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, समिति के समक्ष यौन उत्पीड़न का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

12. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए, किसी भी स्रोत से प्राप्त होने पर प्रश्नों के समय पर उत्तर देने के लिए उचित कार्रवाई की जाती है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अनुपालन में, केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नियुक्त किए गए हैं और समयबद्ध अनुपालन और सूचना के प्रसार के लिए अत्यधिक सावधानी बरती जा रही है।

13. कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(2) के अनुसरण में कर्मचारियों का विवरण

कंपनी के किसी भी कर्मचारी को कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(2) में निर्धारित सीमाओं से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ है।

14. आभार

निदेशक मंडल संगठन के उपयोक्ताओं/ग्राहकों के प्रति संगठन में उनके सहयोग और विश्वास के लिए तहेदिल से अपनी प्रशंसा दर्ज करता है और भविष्य में इस संबंध को जारी रखने की आशा करता है।

निदेशक मंडल भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक और सांविधिक लेखापरीक्षकों का भी उनके रचनात्मक सुझावों और सहयोग के लिए आभारी है।

निदेशक मंडल कंपनी की प्रचालन योजनाओं को सहयोग करने के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर भारत सरकार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और अन्य संबंधित सरकारी विभागों/एजेंसियों से प्राप्त सहयोग और मार्गदर्शन की भी सराहना करता है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता./–
(जॉर्ज कुरुविला)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 06829122

स्थान: नोएडा
दिनांक 25.03.2020

निदेशकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक-I

कारपोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट

1. कारपोरेट अभिशासन संबंधी दिशानिर्देशों पर कंपनी का सिद्धांत

कॉरपोरेट अभिशासन पर कंपनी के सिद्धांत में यह सुनिश्चित करने के लिए पद्धतियां शामिल हैं कि कंपनी के मामलों के प्रबंधन से सभी प्रचालनों में उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो। कंपनी कारपोरेट अभिशासन का महत्व पहचानती है और इसलिए अपने सभी हितधारकों को प्रकटन करते हुए कारपोरेट अभिशासन मानदंडों के साथ ही पारदर्शिता की सर्वोत्तम पद्धतियों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी अपने दैनिक संचालन में कारपोरेट अभिशासन का स्तर बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और वित्तीय और कार्यप्रदर्शन के साथ ही नेतृत्व और अभिशासन के संबंध में समयबद्ध और सटीक जानकारी का प्रकटन करना अपनी अंतर्निहित जिम्मेदारी मानती है।

2. निदेशक मंडल

निदेशक मंडल का गठन और श्रेणी

सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम होने के नाते, कंपनी के सभी निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। कंपनी के अंतर्नियमों में कहा गया है कि निदेशकों की संख्या तीन से कम और नौ से अधिक नहीं होगी। निदेशकों को कोई अर्हता शेयर रखना अपेक्षित नहीं है।

31 मार्च, 2020 को, कंपनी में निदेशकों की संरचना और श्रेणी निम्नलिखित थी:

- एक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
- एक पूर्णकालिक निदेशक,
- दो सरकारी नामिती निदेशक और
- एक अशासकीय निदेशक।

बोर्ड की बैठकों और पिछली वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति:

बोर्ड की बैठकों और पिछली वार्षिक सामान्य बैठक में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति का विवरण निम्नलिखित है:

निदेशकों का नाम	पदनाम	उपस्थिति का विवरण	
		बोर्ड बैठक	पिछली वार्षिक सामान्य बैठक
श्री जॉर्ज कुरुविला	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	4	हां
श्री दीपक रंजन गोगोई	निदेशक (ओएंडएम)	4	हां
श्री विक्रम सहाय	निदेशक (सरकारी नामिती)	1	हां
श्री बिनोद कुमार	निदेशक (सरकारी नामिती)	4	हां
श्री बी. त्यागराजन	अशासकीय निदेशक	लागू नहीं	लागू नहीं
से.नि. एयर मार्शल विरेंद्र मोहन खन्ना	अशासकीय निदेशक	लागू नहीं	लागू नहीं

आयोजित की गई बोर्ड बैठकों की दिनांकों सहित संख्या

वित्तीय वर्ष के दौरान बोर्ड की चार बैठकें आयोजित की गई जिनका विवरण निम्न प्रकार है:

क्र.सं.	बैठक की दिनांक	स्थान	बोर्ड की सदस्य संख्या	उपस्थित निदेशक
1	20.06.2019	नई दिल्ली	5	4
2	29.08.2019	नई दिल्ली	5	5
3	30.08.2019	नई दिल्ली	5	4
4	23.12.2019	नई दिल्ली	5	5

नए निदेशकों की नियुक्ति

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, श्रीमती रंजना उपाध्याय, अशासकीय निदेशक का कार्यकाल 15.02.2020 को समाप्त हो गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने श्री बी. त्यागराजन और से.नि. एयर मार्शल विरेंद्र मोहन खन्ना को 19.02.2020 से तीन वर्ष की अवधि के लिए अशासकीय निदेशक नियुक्त किया है।

इसके अलावा, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सुश्री अंजु निगम, निदेशक (सरकारी नामिती) का नामांकन वापस ले लिया है और श्री विक्रम सहाय, संयुक्त सचिव (पीएंडए), को 24.02.2020 से कंपनी का पदेन निदेशक (सरकारी नामिती) नामित किया है। निदेशक मंडल में अन्य कोई बदलाव नहीं हुआ।

श्री बी. त्यागराजन मैसर्स विगफिन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड में शेयरधारक और निदेशक हैं। से.नि. एयर मार्शल विरेंद्र मोहन खन्ना बेसिल के अतिरिक्त किसी अन्य कंपनी में निदेशक नहीं हैं।

3. लेखापरीक्षा समिति

संदर्भ की शर्तों का संक्षिप्त विवरण

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान, केवल एक स्वतंत्र निदेशक था; अतएव लेखापरीक्षा समिति का गठन लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार नहीं था।

गठन, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

निदेशक मंडल द्वारा 22 मार्च, 2017 को आयोजित अपनी 106वीं बैठक में गठित ''लेखापरीक्षा समिति'' में निम्न को शामिल किया गया:

क्र.सं.	नाम	पदनाम	समिति में पद
1.	श्रीमती रंजना उपाध्याय	अशासकीय अंशकालिक निदेशक	अध्यक्ष
2.	श्री जॉर्ज कुरुविला	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	सदस्य
3	श्री दीपक रंजन गोगोई	निदेशक (ओएंडएम)	सदस्य

वर्ष के दौरान बैठकें और उपस्थिति

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान लेखापरीक्षा समिति की बैठक का विवरण और इसमें उपस्थिति निम्नानुसार है:

क्र.सं.	बैठक की दिनांक	सदस्यों के नाम	श्रेणी	उपस्थिति
1.	28वीं बैठक – 19.06.2019	श्रीमती रंजना उपाध्याय श्री जॉर्ज कुरुविला श्री दीपक रंजन गोगोई	अध्यक्ष सदस्य सदस्य	उपस्थित उपस्थित उपस्थित
2.	29वीं बैठक – 29.08.2019	श्रीमती रंजना उपाध्याय श्री जॉर्ज कुरुविला श्री दीपक रंजन गोगोई	अध्यक्ष सदस्य सदस्य	उपस्थित उपस्थित उपस्थित
3.	30वीं बैठक – 29.08.2019	श्रीमती रंजना उपाध्याय श्री जॉर्ज कुरुविला श्री दीपक रंजन गोगोई	अध्यक्ष सदस्य सदस्य	उपस्थित उपस्थित उपस्थित

कंपनी की लेखापरीक्षा समिति की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां निम्न प्रकार हैं:

- यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त और विश्वसनीय हैं, कंपनी की वित्तीय सूचना प्रक्रिया और इसकी वित्तीय जानकारी के प्रकटन का निरीक्षण
- लेखापरीक्षा शुल्क के निर्धारण के लिए बोर्ड को सिफारिश करना
- सांविधिक लेखापरीक्षकों के भुगतान का अनुमोदन करना
- बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले, प्रबंधन के साथ, वार्षिक वित्तीय विवरणों की समीक्षा करना
- बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले तिमाही वित्तीय विवरणों की समीक्षा करना
- आंतरिक लेखापरीक्षकों के कार्यप्रदर्शन और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता पर, प्रबंधन के साथ समीक्षा करना
- आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यप्रणाली की पर्याप्तता की समीक्षा करना
- किसी भी महत्वपूर्ण खोज पर लेखापरीक्षकों के साथ चर्चा करना
- निष्कर्षों की समीक्षा करना
- लेखापरीक्षा शुरू होने से पहले सांविधिक लेखापरीक्षकों के साथ, लेखापरीक्षा की प्रकृति और कार्यक्षेत्र के साथ ही किसी चिंताजनक क्षेत्र का पता लगाने के लिए लेखापरीक्षा के बाद चर्चा करना
- व्हिसल ब्लोअर तंत्र की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना
- सभी संबंधित पार्टी लेनदेन की समीक्षा करना
- लेखापरीक्षा अवलोकन पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करना

4. पारिश्रमिक समिति

संदर्भ नियमों का संक्षिप्त विवरण

लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार, कंपनी ने कार्यपालकों और असंगठित पर्यवेक्षकों में निर्धारित सीमाओं के भीतर वितरण के लिए कार्यप्रदर्शन संबंधित वेतन और नीति निर्धारित करने और समय–समय पर निर्धारित किए जा सकने वाले सभी अन्य कार्यों के निर्वहन के लिए पारिश्रमिक समिति गठित की है। पारिश्रमिक समिति का गठन लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार है।

गठन, सदस्यों और अध्यक्ष का नाम

निदेशक मंडल द्वारा 22 मार्च, 2017 को आयोजित अपनी 106वीं बैठक में गठित ''पारिश्रमिक समिति'' में निम्न को शामिल किया गया:

क्र.स.	नाम	पदनाम	समिति में पद
1.	श्रीमती रंजना उपाध्याय	अशासकीय अंशकालिक निदेशक	अध्यक्ष
2.	सुश्री अंजु निगम	नामित निदेशक	सदस्य
3.	श्री बी.एन. नंदा	नामित निदेशक	सदस्य

वर्ष के दौरान बैठकें और उपस्थिति

वर्ष के दौरान, पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।

सभी निदेशकों के लिए पारिश्रमिक नीति/पारिश्रमिक का विवरण

बैठक शुल्क के अतिरिक्त कंपनी के अंशकालिक निदेशकों का कोई आर्थिक संबंध या लेनदेन नहीं है। भारत सरकार द्वारा बोर्ड में मनोनीत अंशकालिक सरकारी निदेशक अपनी भूमिका के लिए कंपनी से कोई पारिश्रमिक नहीं लेते। निदेशक मंडल द्वारा 9 मई, 2013 को आयोजित बैठक में कंपनी के अंशकालिक (अशासकीय) स्वतंत्र निदेशकों के लिए प्रति बैठक में उपस्थिति के लिए 8,000/– रुपये बैठक शुल्क निर्धारित किया गया है। किसी भी निदेशक के पास कंपनी में कोई शेयर नहीं हैं। अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सहित पूर्णकालिक कार्यात्मक निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए गए हैं और उनकी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार उन्हें पारिश्रमिक का भुगतान किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान पूर्णकालिक कार्यात्मक निदेशकों के पारिश्रमिक का विवरण निम्न प्रकार है:

(राशि रुपये में)

क्र.सं.	निदेशकों का नाम	सकल वेतन	अन्य हितलाभ	कार्यप्रदर्शन संबंधित वेतन	स्टॉक विकल्प	कुल
1.	श्री जॉर्ज कुरुविला	26,92,805	7,55,969	-	-	34,48,774
2.	श्री दीपक रंजन गोगोई	20,04,685	6,79,804	-	-	26,84,489

5. साधारण सभा की बैठकें

कंपनी की पिछली तीन एजीएम की दिनांक समय और स्थान निम्न प्रकार हैं:

एजीएम	वर्ष	दिनांक	समय	स्थान
22वीं	2016-17	28.09.2017	1100 बजे	प्रधान कार्यालय, 14–बी, इन्द्रप्रस्थ. एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली –110002
23वीं	2017-18	15.02.2019	1200 बजे	समिति कक्ष, कमरा नं. 652, ए–विंग, छठी मंजिल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001
24वीं	2018-19	26.02.2020	1000 बजे	समिति कक्ष, कमरा नं. 652, ए–विंग, छठी मंजिल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001

क्या पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों में कोई विशेष प्रस्ताव पारित किया गया

पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों में कोई विशेष प्रस्ताव पारित नहीं किया गया।

6. प्रकटन

तथ्यात्मक रूप से महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेनों का प्रकटन जिनका कंपनी के हितों से व्यापक तौर पर संभावित संघर्ष हो सकता है

कंपनी और इसके मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों के बीच वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान लेनदेन का विवरण वित्तीय विवरणों पर नोट सं. 29 में दिया गया है। इन लेनदेनों का कंपनी के हितों से व्यापक रूप से कोई संभावित हित संघर्ष नहीं है।

लेखा बहियों में नामे डाले गए व्यय की मदें, जो व्यवसाय के प्रयोजन हेतु नहीं हैं

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान लेखा बहियों में ऐसा कोई व्यय नामे नहीं डाला गया जो व्यवसाय प्रयोजनों के लिए न हो।

निजी प्रकृति के और निदेशक मंडल और शीर्ष प्रबंधन के लिए किए गए व्यय

ऐसे कोई व्यय नहीं किए गए जो निजी प्रकृति के और निदेशक मंडल और शीर्ष प्रबंधन के लिए हों।

कुल व्यय के प्रतिशत के सापेक्ष वित्तीय व्यय के तौर पर प्रशासनिक और कार्यालय व्ययों का विवरण और वृद्धि के कारण

क्र.सं.	विवरण	2019-20 (लाख रुपये)	2018-19 (लाख रुपये)	2019-20(%) (कुल व्यय का प्रतिशत)	2018-19(%) (कुल व्यय का प्रतिशत)
1.	कुल व्यय	35452.63	32363.43	NA	NA
2.	प्रशासनिक और कार्यालय व्यय	1996.72	1869.85	5.63	5.78
3.	वित्तीय लागत	780.02	701.71	2.20	2.17

प्रशासनिक और कार्यालय व्ययों के बढ़ने का कारण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, परियोजनाओं के निष्पादन और विभिन्न व्यावसायिक कार्यकलापों के दौरान किए गए यात्रा पर व्यय और अन्य संबंधित खर्चों में वृद्धि के कारण प्रशासनिक और कार्यालय व्यय में वृद्धि हुई है।

वित्त लागत में वृद्धि के कारण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, ओवरड्राफ्टों पर ब्याज में वृद्धि के कारण वित्त लागत में वृद्धि हुई है।

7. संचार के साधन

कंपनी वेबसाइट के माध्यम से अपनी वार्षिक रिपोर्ट, सामान्य बैठकों और वेबसाइट के जरिए प्रकटन के माध्यम से अपने शेयरधारकों के साथ संवाद करती है। कंपनी अपने तिमाही परिणाम प्रकाशित नहीं करती है। तथापि, लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय परिणाम इसकी वेबसाइट www.becil.com पर प्रदर्शित किए जाते हैं। कंपनी की निविदाओं/ईओआई संबंधी जानकारी और नवीनतम अपडेट, प्रदान की गई निविदाएं/संविदाएं, प्रेस विज्ञप्तियां, मिशन और उद्देश्यों का विवरण कंपनी की वेबसाइट पर प्राप्त किए जा सकते हैं।

8. अनुपालन प्रमाणपत्र

लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार कारपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन के संबंध में कार्यरत कंपनी सचिव से प्राप्त प्रमाणपत्र वार्षिक रिपोर्ट का भाग है।

हस्ता/–
(जॉर्ज कुरुविला)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 06829122

स्थानः नोएडा

दिनांकः 14.07.2021

निदेशकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक-II

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

इलेक्ट्रॉनिकी, सूचना और संचार क्षेत्र में प्रौद्योगिकी में तीव्र प्रगति दुनिया भर में मीडिया और मनोरंजन उद्योग में बदलाव के चालक बल का कार्य कर रही है। यह प्रगति न केवल उद्योग के अवसर पैदा कर रही है बल्कि इसके लिए चुनौतियां भी पेश कर रही है, जो मीडिया और मनोरंजन उद्योग के क्षेत्र में घटित विभिन्न गतिविधियों और घटनाओं पर ध्यान देने पर स्पष्ट होता है। मीडिया प्रौद्योगिकी से सूचना प्रौद्योगिकी और इंटरनेट प्रौद्योगिकियों का लगातार बढ़ता मिश्रण उद्योग जगत के समक्ष एक मुख्य चुनौती है। ऐसी चुनौती के अलावा, संपूर्ण सामग्री कार्यप्रवाह में सामग्री की गुणवत्ता बढ़ाना और मल्टी–मीडिया और मल्टी–स्क्रीन मंचों की जरूरतों की पूर्ति के लिए इसके सुधार पर जोर देना एक और चुनौती रही है। हालांकि, यह बड़ी संतुष्टि का विषय रहा है कि उद्योग जगत विभिन्न क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करने और स्थिर दर पर प्रगति करने में सक्षम रहा है, हालांकि व्यापार के वाणिज्यिक हितों के संदर्भ में सापेक्ष महत्व पिछले कुछ वर्षों में बदल रहा है। परामर्श और ज्ञान आधारित जो संगठन इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्हें तकनीकी विकास और उद्योग जगत की बदलती जरूरतों के साथ बरकरार रखना है। इन संगठनों को उद्योग जगत की उभरती अपेक्षाओं की प्रगति और विविधता का अधिकतम लाभ उठाने के लिए उचित रूप से आगे बढ़ना आवश्यक है।

1. वैश्विक परिदृश्य

एचडी/यूएचडी, ओटीटी वीडियो सेवाओं, उन्नत ट्रांसकोडिंग को अपनाना, कार्यप्रवाह का डिजिटलीकरण और निर्माण के लिए आईपी को अपनाना ऐसे मुख्य रुझान दुनिया भर में प्रसारण उद्योग को आकार दे रहे हैं। हालिया वार्षिक बीबीएस प्रसारण उद्योग वैश्विक रुझान सूचकांक सापेक्ष व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण उद्योग रुझानों का उचित संकेतक है। इसके निष्कर्षों के अनुसार, बहु–मंचीय सामग्री प्रदायगी (एमपीसीडी) प्रतिवादियों द्वारा उद्योग रुझान समझा जाता है जिसे वे अगले दस वर्षों में व्यावसायिक रूप से अपने व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं। फाइल–आधारित/टेपलेस कार्यप्रवाह; आईपी नेटवर्किंग और सामग्री प्रदायगी; और 'एचडी/यूएचडी टीवी प्रचालनों' में संक्रमण अत्यधिक रैंकिंग कर रहे अन्य क्षेत्र हैं, भले ही उनकी सापेक्ष स्थितियां वर्ष दर वर्ष तेजी से स्थानांतरित हो रही हों। हालिया सूचकांक के अनुसार, उनकी रैंकिंग के क्रम में क्षेत्र निम्नानुसार हैं:

- ओटीटी
- बहु–मंच सामग्री प्रदायगी
- आईपी नेटवर्किंग और सामग्री प्रदायगी
- फाइल आधारित/टेपलेस कार्यप्रवाह
- 4के/यूएचडी
- क्लाउड कंप्यूटिंग
- एचडी टीवी प्रचालन में संक्रमण
- स्वचालित कार्यप्रवाह में संक्रमण
- लक्षित विज्ञापन
- रिमोट प्रोडक्शन
- केंद्रीयकृत प्रचालन
- कृत्रिम आसूचना
- आईओटी
- एनालॉग स्विच ऑफ

2. भारतीय परिदृश्य

मीडिया और मनोरंजन उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख विकास चालक है। फिक्की–केपीएमजी रिपोर्ट 2016 के अनुसार, विमुद्रीकरण के बावजूद 2016 में इस क्षेत्र के कार्यप्रदर्शन में 11.6% की वृद्धि दिखी। 2016–2021 के दौरान 15.3% के सीएजीआर पर 2020 तक उद्योग के 2,419 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो वैश्विक मीडिया और मनोरंजन उद्योग के विकास की दोगुनी दर से अधिक है।

जहां तक प्रसारण का सवाल है, केबल टीवी नेटवर्क का डिजिटलीकरण और मल्टी–डिलीवरी प्लेटफॉर्म सरकार के महत्वपूर्ण क्षेत्र बने रहे हैं। टीवी उद्योग में 14.7% की वृद्धि होने की उम्मीद है। रेडियो के संबंध में, रेडियो उद्योग के संदर्भ में अनुमान एफएम लाइसेंसिंग के फेज 3 के कार्यान्वयन द्वारा संचालित होते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2016 में उद्योग में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और अगले कुछ वर्षों में यह 16 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है। फेज 3 के स्टेशनों के कार्यशील होने से, रेडियो 'कवरेज' माध्यम से 'पहुंच' माध्यम बन सकता है। हालांकि, उच्च आरक्षित मूल्यों के डर और कमजोर बाजार क्षमता के चलते नीलामी में शामिल न किए गए छोटे शहरों की वजह से फेज 3 की नीलामी में चिंताएं बढ़ रही हैं। आकाशवाणी द्वारा काफी संख्या में डीआरएम–मेगावाट ट्रांसमीटर स्थापित किए जाने से, उच्च गुणवत्तापूर्ण सामग्री की उपलब्धता और सस्ते डीआरएम रिसीवर की आवश्यकता दृढ़ता से महसूस की जा रही है।

टेलीविजन भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग के कुल राजस्व में लगभग 48% योगदान करने वाला प्रमुख क्षेत्र है। टेलीविजन क्षेत्र 2016 में 542 मिलियन रुपये में 8.614% की वृद्धि से बढ़कर 2017 में 588 मिलियन रुपये हो गया। यह प्रगति विज्ञापन खर्च में 17: की वृद्धि के कारण हुई। इस क्षेत्र द्वारा 2016–2121 के दौरान सीएजीआर की 14.7% की बढ़त सहित 2021 तक अपने राजस्व को दोगुने से अधिक बढ़ाते हुए 1165 बिलियन रुपये तक करने का अनुमान है। टेलीविजन के संबंध में हाई डेफिनिशन स्टूडियो सिस्टम सहित उपग्रह चैनलों की संख्या में वृद्धि के साथ उपग्रह प्रसारण पर जोर रहा है। विभिन्न टीवी चैनलों की निगरानी और टेलीपोर्टों की स्थापना के क्षेत्र में गतिविधियों में भी वृद्धि हुई है। केबल टीवी नेटवर्क का डिजिटलीकरण और डीएएस का कार्यान्वयन वर्ष के दौरान गतिविधियों का क्षेत्र रहा और 2018 क दौरान पूरे जोश से जारी रहने वाला है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में डीएएस III और IV शहरों और क्षेत्रों के डिजिटलीकरण की शुरुआत दिखाई दी। डिजिटलीकरण से उपभोक्ता को सब्सक्रिप्शन विकल्पों के संदर्भ में बेहतर नियंत्रण दिए जाने की उम्मीद है। इससे एआरपीयू में भी वृद्धि और तत्पश्चात सब्सक्रिप्शन राजस्व में प्रसारणकर्ताओं की हिस्सेदारी बढ़ेगी।

डिजिटलीकरण पर निरंतर जोर देने से, उद्योगों के समक्ष सेट–टॉप बॉक्सों के विकास और निर्माण, हाई डेफिनिशन उत्पादन प्रणालियां स्थापित करने के नए अवसर दस्तक दे रहे हैं। डिजिटलीकृत केबल टीवी नेटवर्क के माध्यम से ट्रिपल प्ले सर्विसेज, वॉयस, ब्रॉडबैंड और टीवी उपलब्ध कराने की जरूरत भी महसूस की जा रही है।

3. अवसर

भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग की प्रगति, एफसीसीआई–केएमपीजी रिपोर्ट द्वारा अपने वैश्विक समकक्ष से लगभग दोगुनी दर पर बढ़ने के अनुमान के अनुसार, बेसिल के लिए अनेक अवसर प्रदान करती है, जिनमें से कुछ निम्न प्रकार हैं:

- मल्टी चैनल एफएम पारेषण प्रणाली
- नए एफएम चैनलों के लिए डिजिटल रेडियो स्टूडियो
- रेडियो और टीवी चैनलों के लिए निगरानी प्रणाली
- उपग्रह टीवी प्रणाली
- हाई डेफिनिशन टीवी प्रोडक्शन प्रणाली
- राज्यसभा और लोकसभा चनलों की तर्ज पर राज्यस्तरीय टीवी चैनल

- सीसीटीवी और निगरानी अभिगम प्रणाली
- वितरण प्लेटफार्मों की लेखापरीक्षा
- डिजिटल संकेत प्रक्रिया
- डिजिटल अभिलेखागार

घरेलू बाजार के अलावा, अफ्रीकी देशों और मध्य पूर्व के विदेशी बाजारों में रेडियो और टेलीविजन के विभिन्न क्षेत्रों में बेसिल के लिए काफी बड़े अवसर मौजूद हैं। इन अवसरों में न केवल अपने परियोजनाओं का निष्पादन बल्कि देश में उनके नेटवर्कों के नियोजन के लिए परामर्श सेवाएं भी शामिल हैं।

उपरोक्त के अलावा, बेसिल ई–गवर्नेंस, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स और फिक्स्ड, पोर्टेबल और मोबाइल रिसेप्शन के लिए एसटीबी और इसी तरह के उपकरणों सहित मेक–इन–इंडिया पहलों को शामिल करने के लिए अपने प्रचालनों को विविधता देने के अनेक अवसर तलाश रहा है।

4. ताकतें और कमजोरियां

बेसिल एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है जो निजी क्षेत्र में अन्य समान परामर्शी संगठनों से बेहतर स्थिति में है किंतु दूसरी ओर इसे अपने प्रचालनों से कुछ नुकसान भी होते हैं। इस पृष्ठभूमि में, बेसिल की ताकतों और कमजोरियों का व्यापक रूप से उल्लेख नीचे किया गया है:

ताकतें:

- त्वरित निर्णय/वित्तीय स्वीकृतियों के लिए कार्यात्मक स्वायत्तता
- परियोजना निष्पादन में समृद्ध अनुभव और प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड
- परियोजनाओं के शीघ्र निष्पादन के लिए विशेषज्ञों और परियोजना कर्मियों का त्वरित जुटाव और तैनाती
- कुशल कार्य प्रवाह, आवधिक समीक्षा/निगरानी और तीव्र प्रतिक्रिया तंत्र
- ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए लचीले दृष्टिकोण के साथ अनुकूलित समाधान

कमजोरियां:

- सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के नियमों और विनियमों द्वारा बाध्य
- उच्च आवर्ती व्यय
- बकाया राशियों की वसूली न होने के कारण बढ़ता अग्रेनीत नुकसान
- प्रसारण इंजीनियरिंग क्षेत्र में सीमित अवसर, मूल उपकरण विनिर्माताओं या उनके प्रतिनिधियों द्वारा अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कीमत पर प्रणाली एकीकरण कार्यकलाप शुरू किए जाने के कारण

5. जोखिम और चिंताएं

उद्योग के विकास की अस्थिरता और विशिष्ट ग्राहकों पर निर्भरता कंपनी के लिए जोखिम तत्व हैं।

6. आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां और उनकी पर्याप्तता

सच्चरित्रता को बढ़ावा देने और प्रबंधन और कर्मचारियों द्वारा धोखाधड़ी की गतिविधियों का पता लगाने वाला माहौल बनाए रखने की दृष्टि से, कंपनी ने संगठन में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तैयार की है। सामयिक आकलन के माध्यम से प्रबंधन आश्वस्त होता है कि आंतरिक नियंत्रण गतिविधियां अप्रचलित या अप्रभावी नहीं बनी हैं। प्रबंधन कंपनी के आकार

के उपयुक्त और अनुरूप बनाने के उद्देश्य से आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का दायरा बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करता है। इस संबंध में, आंतरिक लेखापरीक्षा संपन्न करने के लिए कंपनी ने चार्टर्ड एकाउंटेंट्स फर्म को नियुक्त किया है।

7. प्रचालनात्मक कार्यनिष्पादन के संबंध में वित्तीय कार्यनिष्पादन

सूचित वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी के प्रंचालनों से राजस्व पिछले वर्ष 321.81 करोड़ रुपये से बढ़कर 347 करोड़ रुपये हो गया है, जो कंपनी के निगमन के बाद से सबसे अधिक कारोबार है। हालांकि, बेसिल को वित्त वर्ष 2019–20 में 4.81 करोड़ रुपये का निवल घाटा हुआ है जिसमें ओवरड्राफ्ट पर ब्याज लागत की 7.80 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। बेसिल को वित्तीय नुकसान होने के तथ्य निम्नलिखित हैं:

i. बेसिल को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से सरकारी अनुदान या कार्यशील पूंजी के रूप में कोई वित्तीय सहायता नहीं मिलती है। एमआईबी ने बेसिल को मात्र 1.36 करोड रुपये की चुकता पूंजी प्रदान की है।

ii. बेसिल ने 347 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल किया है और नए बाजारों और क्षेत्रों की विभिन्न विस्तार योजनाएं बनाई हैं। विभिन्न परियोजनाओं के निष्पादन के लिए समय–समय पर कार्यशील पूंजी की आवश्यकता होती है। तथापि, 1.36 करोड़ रुपये मात्र की इक्विटी से 350 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को आगे बढ़ाना बेसिल के लिए अव्यावहारिक और असंभाव्य था।

iii. बेसिल को कार्यशील पूंजी की जरूरतों की पूर्ति के लिए ग्राहकों से दोतरफा सहयोग और बैंक ओवरड्राफ्ट पर निर्भर रहने के परिणामस्वरूप भारी ब्याज लागत आती है। सीडब्ल्यूजी और मेगावाट परियोजनाओं के कारण प्रसार भारती से बकाया राशि भी अधिक ओवरड्राफ्ट का कारण है।

iv. इसके अलावा, भारत में और बाहर विभिन्न साइटों पर व्यावसायिक परियोजनाओं के प्रचार और निष्पादन के खर्चों में पर्याप्त वृद्धि हुई है

8. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और संधारणीय विकास

पिछले वर्ष 2019–20 के दौरान, कंपनी को हानि हुई है। अतएव, इसने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कोई पहल नहीं की।

हस्ता/–
(जॉर्ज कुरुविला)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 06829122

स्थान: नोएडा
दिनांक: 14.07.2021

सीएस रवि भूषण कुमार
एफसीएस, एलएल.बी, एम.कॉम,
बी.कॉम (ऑनर्स)
कार्यरत कंपनी सचिव
F 7731, COP 8627

निदेशकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक-III

कारपोरेट अभिशासन प्रमाणपत्र

सेवा में,
सदस्यगण
ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड
CIN: U32301UP1995GOI017744
56–ए/17, ब्लॉक सी, सेक्टर 62,
नोएडा, उत्तर प्रदेश – 201301

हमने 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड द्वारा, लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा कार्यालय ज्ञापन संख्या 18(18)2005–जीएम दिनांक 14 मई, 2010 द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों के कारपोरेट अभिशासन (सीपीएसई) दिशानिर्देशों में यथानिर्धारित कारपोरेट अभिशासन के प्रावधानों के अनुपालन की जांच की है।

कारपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कारपोरेट प्रशासन के दिशानिर्देशों के अनुसार की जाती है। यह न तो कंपनी के वित्तीय विवरणों और/या कामकाज पर लेखापरीक्षा है और न ही कोई राय की अभिव्यक्ति।

कंपनी के प्रबंधन/अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी अभिलेखों, दस्तावेजों, सूचनाओं और स्पष्टीकरणों के आधार पर, हम प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (सीपीएसई) के लिए लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा कार्यालय ज्ञापन संख्या 18(18)2005–जीएम दिनांक 14 मई, 2010 द्वारा जारी दिशानिर्देशों के प्रावधानों का हमारी निम्नलिखित टिप्पणियों को छोड़कर अनुपालन किया है:

1. हमें बोर्ड द्वारा कंपनी पर लागू कानूनों की आवधिक अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा का कोई दस्तावेजी प्रमाण नहीं मिला है।

   हालांकि प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि कंपनी सभी लागू कानूनों का अनुपालन करती है। गैर–अनुपालन की कोई घटना पाए जाने पर, उसकी सूचना बोर्ड को दी जाती है।

2. हमें बोर्ड चार्टर का कोई औपचारिक विवरण नहीं मिला है जो दिशानिर्देश संख्या 3.5 के तहत बोर्ड और व्यक्तिगत निदेशकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्टतः परिभाषित करता हो।

   हालांकि, प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि बोर्ड ने बोर्ड चार्टर का औपचारिक विवरण तैयार करने के लिए कदम उठाए हैं जो कि प्रक्रिया के अधीन है।

3. हमें बोर्ड द्वारा औपचारिक रूप से अपनाई गई कोई भी जोखिम प्रबंधन नीति और दिशानिर्देश संख्या 3.6 के तहत एक सामान्य व्यवसाय पद्धति के तौर पर कारपोरेट और प्रचालन उद्देश्यों सहित जोखिम प्रबंधन प्रणाली के एकीकरण और संरेखण के लिए कोई प्रणाली नहीं मिली।

   प्रबंधन ने स्पष्ट किया था कि कंपनी ने जोखिम प्रबंधन नीति तैयार और लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में, बाहरी एजेंसी की सेवाएं ली गई हैं जिसने ई–जोखिम रजिस्टर भी तैयार किया है, जिसे आगे की प्रक्रिया के लिए कंपनी के सभी विभागों के साथ साझा किया गया है और तदनुसार बोर्ड के अनुमोदन के तुरंत बाद इसे लागू किया

जाएगा।

4. इस वर्ष भी हमें जोखिम मूल्यांकन और न्यूनीकरण प्रक्रियाओं के बारे में बोर्ड के सदस्यों को सूचित करने की कोई निर्धारित प्रक्रिया नहीं मिली है, तदनुसार यह सुनिश्चित करने के लिए सामयिक समीक्षा करने की कोई नीति नहीं है कि कार्यकारी प्रबंधन उचित रूप से परिभाषित ढांचे के माध्यम से जोखिम को नियंत्रित करता है।

हमें इस संबंध में भी नीतियां और प्रक्रियाएं नहीं मिली हैं:

(क) धोखाधड़ी की रोकथाम और पहचान के संबंध में कर्मचारियों की जिम्मेदारियां

(ख) धोखाधड़ी की पहचान होने के बाद धोखाधड़ी की जांच की जिम्मेदारी

(ग) प्रबंधन से धोखाधड़ी से संबंधित मामलों पर सूचना की प्रक्रिया

(घ) धोखाधड़ी के आरोपों को दर्ज करने के लिए पालन की जाने वाली सूचना और रिकॉर्डिंग प्रक्रियाएं

(ङ) धोखाधड़ी की रोकथाम और पहचान के लिए संचालित किए जाने वाले प्रशिक्षण की अपेक्षाएं।

हालांकि, प्रबंधन ने स्पष्ट किया था कि कंपनी ने जोखिम प्रबंधन नीति तैयार और लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में, बाहरी एजेंसी की सेवाएं ली गई हैं जिसने ई–जोखिम रजिस्टर भी तैयार किया है, जिसे आगे की प्रक्रिया के लिए कंपनी के सभी विभागों के साथ साझा किया गया है और तदनुसार बोर्ड के अनुमोदन के तुरंत बाद इसे लागू किया जाएगा।

हम यह भी कहते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का और न ही प्रबंधन द्वारा कंपनी के कामकाज के संचालन की दक्षता और प्रभावशीलता का आश्वासन है।

कृते एसआर एंड एसोसिएट्स । कंपनी सचिव

हस्ता/–
(रवि भूषण कुमार)
साझेदार
सदस्यता संख्याः FCS 7731
प्रैक्टिस प्रमाणपत्र नंबरः 8627

दिनांकः 24/03/2021
स्थानः नोएडा

निदेशकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक-IV

आचार संहिता के अनुपालन का पुष्टिकरण

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी के बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा घोषणाः

मैं, जॉर्ज कुरुविला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बेसिल, एतद्द्वारा संबंधित बोर्ड सदस्यों और कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों से प्राप्त पुष्टिकरण के आधार पर घोषणा करता हूं कि निदेशक मंडल के सदस्य और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी के व्यवसाय आचरण और नैतिक संहिता के अनुपालन का पुष्टिकरण किया है।

हस्ता/–
(जॉर्ज कुरुविला)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 06829122

स्थानः नोएडा
दिनांकः 30.04.2020

निदेशकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक-V

फार्म नं. एमजीटी 9

वार्षिक रिटर्न का सारांश

(31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अनुसार)
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) और कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 12(1) के अनुपालन में

1. पंजीकरण एवं अन्य विवरण

1	सीआईएन	U32301UP1995GOI017744
2	पंजीकरण तिथि	24 मार्च, 1995
3	कंपनी का नाम	ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड
4	कंपनी की श्रेणी/उप–श्रेणी	सरकारी कंपनी
5	पंजीकृत कार्यालय का पता एवं संपर्क विवरण	सी–56, ए/17, सेक्टर–62, नोएडा–201307
6	क्या कंपनी सूचीबद्ध है	नहीं
7	रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट, यदि कोई हो, का नाम, पता एवं संपर्क विवरण	लागू नहीं

2. कंपनी की प्रमुख व्यवसाय गतिविधि

(कंपनी के कुल कारोबार में 10% या अधिक के योगदान वाली सभी व्यवसाय गतिविधियों का उल्लेख किया जाएगा)

क्र. सं.	मुख्य उत्पादों/सेवाओं का नाम एवं विवरण	उत्पाद/सेवा का एनआईसी कोड	कंपनी के कुल कारोबार का %
1	दूरसंचार, प्रसारण और सूचना आपूर्ति सेवाएं	9984	38%
2	मानव संसाधन का प्रावधान और मानव संसाधन कामकाज का प्रबंधन	7830	62%

3. नियंत्रक, सहायक और सहयोगी कंपनियों का विवरण

कंपनी की कोई नियंत्रक, सहायक और सहयोगी कंपनी नहीं है।

क्र. सं.	कंपनी का नाम और पता	सीआईएन/जीएलएन	नियंत्रक/सहायक/सहयोगी	धारित शेयरों का %	लागू खंड
.	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

4. शेयरधारिता पद्धति

(कुल इक्विटी के प्रतिशत अनुसार इक्विटी शेयर पूंजी का विवरण)

क. श्रेणी–वार शेयरधारिता

शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष के प्रारंभ में धारित शेयरों की संख्या (31 मार्च 2019 को)				वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या (31 मार्च 2020 को)				वर्ष के दौरान % बदलाव
	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	
क. प्रवर्तक									
(1) भारतीय									
क) व्यक्तिगत / एचयूएफ	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख) केन्द्र सरकार	शून्य	1,36,500	1,36,500	100%	शून्य	1,36,500	1,36,500	100%	शून्य
ग) राज्य सरकार(रें)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
घ) निकाय कार्पो.	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ङ) बैंक / एफआई	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
च) अन्य कोई	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
प्रवर्तक की कुल शेयरधारिता (क)	**शून्य**	**1,36,500**	**1,36,500**	**100%**	**शून्य**	**1,36,500**	**1,36,500**	**100%**	**शून्य**
ख. सार्वजनिक शेयरधारिता									
1. संस्थान									
क) म्युचुअल फंड	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख) बैंक / एफआई	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ग) केंद्र सरकार	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
घ) राज्य सरकार(रें)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ङ) उद्यम पूंजी फंड	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
च) बीमा कंपनियां	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
छ) एफआईआई	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ज) विदेशी उद्यम पूंजी फंड	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
झ) अन्य (निर्दिष्ट करें)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
उप–योग (ख)(1)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2. गैर–संस्थान	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
क) निकाय / निगम	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
i) भारतीय	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ii) विदेशी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख) व्यक्तिगत	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
i) रु. 1 लाख तक मामूली शेयर पूंजी धारक व्यक्तिगत शेयरधारक	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ii) रु. 1 लाख से अधिक शेयर पूंजी धारक व्यक्तिगत शेयरधारक	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ग) अन्य (निर्दिष्ट करें)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
अनिवासी भारतीय	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

विदेशी कारपोरेट निकाय	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
विदेशी नागरिक	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
क्लियरिंग सदस्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ट्रस्ट	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
विदेशी निकाय– डीआर	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
उप–योग (ख)(2)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल सार्वजनिक शेयरधारिता (ख)= (ख)(1)+(ख)(2)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ग. जीडीआर एवं एडीआर के संरक्षण में धारित शेयर	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल योग (क+ख+ग)	**शून्य**	**1,36,500**	**1,36,500**	**100%**	**शून्य**	**1,36,500**	**1,36,500**	**100%**	**शून्य**

ख. प्रवर्तकों की शेयरधारिता

क्र.सं.	शेयरधारक का नाम	वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता			वर्ष के अंत में शेयरधारिता			वर्ष के दौरान शेयर धारिता में % बदलाव
		शेयरों की सं.	कंपनी के कुल शेयर का %	कुल शेयरों में बंधक/ भारित शेयरों का %	शेयरों की सं.	कंपनी के कुल शेयर का %	कुल शेयरों में बंधक/ भारित शेयरों का %	
1	भारत के राष्ट्रपति	1,36,500	100%	शून्य	1,36,500	100%	शून्य	शून्य

ग. प्रवर्तकों की शेयरधारिता में बदलाव

प्रवर्तकों की शेयरधारिता में कोई बदलाव नहीं है

क्र.सं.	विवरण	वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
		शेयरों की सं.	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	कंपनी के कुल शेयरों का %
	वर्ष के प्रारंभ में	1,36,500	100%	1,36,500	100%
	प्रवर्तकों की शेयरधारिता में वृद्धि/कमी के कारण (जैसे आबंटन/अंतरण/बोनस /स्वैट इक्विटी आदि) दर्शाते हुए वर्ष के दौरान दिनांक वार वृद्धि/कमी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के अंत में	1,36,500	100%	1,36,500	100%

घ. शीर्ष दस शेयरधारकों का शेयरधारिता पैटर्न :

(निदेशकों, प्रवर्तकों और जीडीआर एवं एडीआर धारकों को छोड़कर)

क्र.सं.	प्रत्येक शीर्ष 10 शेयरधारकों के लिए	वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %
	वर्ष के प्रारंभ में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	प्रवर्तकों की शेयरधारिता में वृद्धि/कमी के कारण (जैसे आबंटन/अंतरण/बोनस /स्वैट इक्विटी आदि) दर्शाते हुए वर्ष के दौरान दिनांक वार वृद्धि/कमी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

ङ. निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों की शेयरधारिता

क्र.सं.	प्रत्येक निदेशक और प्रत्येक मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों की शेयरधारिता	वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %
	वर्ष के प्रारंभ में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	प्रवर्तकों की शेयरधारिता में वृद्धि/कमी के कारण (जैसे आबंटन/अंतरण/बोनस /स्वैट इक्विटी आदि) दर्शाते हुए वर्ष के दौरान दिनांक वार वृद्धि/कमी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

5. ऋणग्रस्तता

ब्याज बकाया/उपार्जित लेकिन भुगतान के लिए देय नही सहित कंपनी की ऋणग्रस्तता

	जमाओं को छोड़कर प्रतिभूत ऋण (कार्यशील पूंजी सीमा)	अप्रतिभूत ऋण	जमा	कुल ऋणग्रस्तता
वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में ऋणग्रस्तता				
i) मूल राशि	63,09,97,933	शून्य	शून्य	43,01,41,656
ii) ब्याज देय किंतु भुगतान नहीं किया	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
iii) ब्याज उपार्जित किंतु देय नहीं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल (i+ii+iii)	63,09,97,933	शून्य	शून्य	43,01,41,656
वित्त वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में परिवर्तन				
परिवर्धन	12,87,36,336	शून्य	शून्य	12,87,36,336
कमी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
निवल परिवर्तन	12,87,36,336	शून्य	शून्य	12,87,36,336
वित्तीय वर्ष के अंत में ऋणग्रस्तता				
i) मूल राशि	759,734,269	शून्य	शून्य	75,97,34,269
ii) ब्याज देय लेकिन भुगतान नहीं किया	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
iii) ब्याज उपार्जित लेकिन देय नहीं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल (i+ii+iii)	75,97,34,269	शून्य	शून्य	75,97,34,269

6. निदेशकों एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क. प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशकों और/या प्रबंधक का पारिश्रमिक

क्र.सं.	पारिश्रमिक का विवरण	एमडी/डब्ल्यूटीडी/प्रबंधक का नाम		कुल राशि
		श्री जॉर्ज कुरुविला	श्री दीपक रंजन गोगोई	
1	सकल वेतन			
	क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन	26,92,805	20,04,685	46,97,490
	ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत परिलब्धियों का मूल्य	शून्य	शून्य	शून्य
	ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के बदले लाभ	शून्य	शून्य	शून्य
2	स्टॉक विकल्प	शून्य	शून्य	शून्य
3	स्वैट इक्विटी	शून्य	शून्य	शून्य

4	कमीशन	शून्य	शून्य	शून्य
	. लाभ के : के रूप में	शून्य	शून्य	शून्य
	. अन्य, विनिर्दिष्ट करें	शून्य	शून्य	शून्य
	चिकित्सा प्रतिपूर्ति	शून्य	शून्य	शून्य
	अधिवर्षिता	शून्य	शून्य	शून्य
5	अन्य, विनिर्दिष्ट करें			
	चिकित्सा प्रतिपूर्ति	40,161	76,544	1,16,705
	ईपीएफ में अंशदान	2,69,298	1,97,452	4,66,750
	ईएल/ग्रेच्युटी इत्यादि	4,46,510	4,05,808	8,52,318
	कुल (क)	**34,48,774**	**26,84,489**	**61,33,263**
	अधिनियम के अनुसार सीमा	धारा 197 सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होती		

ख. अन्य निदेशकों का पारिश्रमिक

क्र.सं.	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशक का नाम	कुल राशि
1	स्वतंत्र निदेशक	श्रीमती रंजना उपाध्याय	.
	बोर्ड/समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क	1,04,000/-	शून्य
	कमीशन	शून्य	शून्य
	अन्य, कृपया विनिर्दिष्ट करें	शून्य	शून्य
	कुल (1)	1,04,000/-	शून्य
2	अन्य गैर–कार्यकारी निदेशक	-	शून्य
	बोर्ड/समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क	शून्य	शून्य
	कमीशन	शून्य	शून्य
	अन्य, कृपया विनिर्दिष्ट करें	शून्य	शून्य
	कुल (2)	शून्य	शून्य
	कुल (ख)=(1+2)	1,04,000/-	शून्य
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक	1,04,000/-	शून्य
	अधिनियम के अनुसार कुल सीमा	धारा 197 सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होती	

ग. प्रबंध निदेशक/प्रबंधक/पूर्णकालिक निदेशक को छोड़कर मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक			
		सीईओ	सीएस	सीएफओ	कुल
1	सकल वेतन	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत परिलब्धियों का मूल्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के बदले लाभ	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2	स्टॉक विकल्प	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
3	स्वैट इक्विटी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
4	कमीशन	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	– लाभ का :	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	अन्य, विनिर्दिष्ट करें	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
5	अन्य, विनिर्दिष्ट करें	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	कुल	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

7. जुर्माना/दण्ड/अपराधों का प्रशमनः

प्रकार	कंपनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त विवरण	लगाए गए दण्ड / जुर्माने/प्रशमन शुल्क का ब्यौरा	प्राधिकरण (आरडी/ एनसीएलटी/ न्यायालय	अपील, यदि कोई हो (ब्यौरा दें)
क. कंपनी					
जुर्माना	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
दण्ड	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
प्रशमन	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख. निदेशक					
जुर्माना	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
दण्ड	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
प्रशमन	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ग. अन्य चूककर्ता अधिकारी					
जुर्माना	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
दण्ड	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
प्रशमन	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

हस्ता/–
(जॉर्ज कुरुविला)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 06829122

स्थानः नोएडा
दिनांकः 14.07.2021

ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट
ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के सदस्यगण

एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

अर्हक राय

हमने ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (''कंपनी'') के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2020 के अनुसार तुलन–पत्र, लाभ और हानि का विवरण, उस दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी शामिल है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, हमारी रिपोर्ट के अर्हक राय खंड के आधार में वर्णित मामले के प्रभावों को छोड़कर, उपरोक्त वित्तीय विवरण भारत में आम तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा अपेक्षित तरीके से 31 मार्च, 2020 को कंपनी के कामकाज, और उस दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए इसकी हानि और नकदी प्रवाह की सही एवं निष्पक्ष स्थिति स्पष्ट करते हैं।

अर्हक राय का आधार

1. (i) सूचना और प्रसारण मंत्रालय और कंपनी के बीच 16 जून 2009 के एमओयू के खंड 3.1 और 3.2 के अनुसार, कंपनी टावरों के कुल किराए के 12 प्रतिशत के बराबर रखरखाव शुल्क (शुल्क) और टावरों के स्थान/ एपर्चर के पट्टे से संग्रहीत किराये के 3 प्रतिशत के बराबर सेवा शुल्क (शुल्क) की हकदार है। इसके अलावा, एमओयू के खंड 4.2 के अनुसार, कंपनी को सभी पट्टेदारों से एकत्रित किराए का, विलंबित भुगतान के कारण पट्टेदारों से वसूले गए ब्याज सहित, यदि कोई हो, भुगतान की निर्धारित दिनांक के 15 दिनों के भीतर भुगतान करना आवश्यक है, ऐसा न करने पर कंपनी पर प्रचलित एसबीआई मुख्य उधारी दर के अतिरिक्त 2 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देय होगा/कंपनी से वसूल किया जाएगा। कंपनी ने 31 मार्च 2020 तक पट्टेदारों द्वारा चुकाए गए रु. 6,18,79,048/– ब्याज सहित किराए के तौर पर रु. 25,65,91,351/– की राशि एकत्र की, लेकिन मंत्रालय को इसका भुगतान नहीं किया। कंपनी सूचना और प्रसारण मंत्रालय को रु. 25,65,91,351/– की संपूर्ण रोकी गई राशि (रु. 6,18,79,048/– रुपये ब्याज सहित) पर ब्याज (राशि निर्धारण योग्य नहीं) का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है जिसके लिए वित्तीय विवरणों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

   (ii) सूचना और प्रसारण मंत्रालय को ब्याज के लिए पट्टेदारों से एकत्रित रु. 6,71,55,481/– की बजाय रु. 5,30,77,544/– मात्र की देयता का प्रावधान किया गया है। इसके परिणामस्वरूप आरक्षित और अधिशेष में रु. 1,40,77,937/– का अधिक अंकन और चालू देयताओं में इतनी ही राशि का कम अंकन किया गया है।

2. (i) 5 वर्ष से अधिक समय से बकाया देनदार खातों से संबंधित रु. 10,92,57,972/– के अशोध्य और संदिग्ध ऋणों की छूट के लिए प्रावधान नहीं किया गया, जिसके संबंध में प्रबंधन द्वारा मामले की समीक्षा का वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 2.6 में महत्वपूर्ण लेखा नीतियों के संदर्भ में रिकॉर्ड पर उल्लेख नहीं किया गया है। इसके परिणामस्वरूप व्यापार प्राप्यों में रु. 10,92,57,972/– का अधिक अंकन और वर्ष की हानि में इतनी ही राशि का

Plot No. 6, Site No. 21, Geeta Mandi Marg, New Rajender Nagar, New Dehi-110060
Ph: 011-42412008, 28743942, Telefax : 42412008, Email : gka_ma@yahoo.com

कम अंकन किया गया है।

(ii) राज्यसभा टेलीविजन स्थापित करने की परियोजना हेतु 3 वर्ष से अधिक समय से बकाया रु. 2,28,87,220/– के अशोध्य और संदिग्ध ऋणों, जिसे राज्यसभा द्वारा दिनांक 24.9.2020 के पत्र द्वारा देय स्वीकार नहीं किया गया है और कटौती की गई, की छूट का प्रावधान नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप व्यापार प्राप्यों में रु. 2,28,87,220/– का अधिक अंकन और वर्ष की हानि में इतनी ही राशि का कम अंकन किया गया है।

3. 2015–16 में अबेकस इंजीनियरिंग कंपनी को अग्रिम के तौर पर रु. 9,12,000/– के भुगतान के संदिग्ध अग्रिम, जो विवाद के अधीन है, की छूट के लिए प्रावधान नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप अल्पावधि ऋण और अग्रिम में रु. 9,12,000/– का अधिक अंकन और वर्ष की हानि में इतनी ही राशि का कम अंकन किया गया है।

4. कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए घोषित रु. 1,37,900 लाभांश और उस पर रु. 12,409 ब्याज का देरी से भुगतान करके कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 और धारा 127 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है।

5. नोट सं. 40 – कर्मचारी लाभ – 'ग्रेच्युटी' के संबंध में प्रकटन लेखांकन मानक–15 'कर्मचारी लाभ' के अनुरूप नहीं है और बीमांकिक मूल्यांकन रिपोर्ट द्वारा समर्थित नहीं है, इसलिए हम इसे सत्यापित करने में असमर्थ हैं। वित्तीय विवरणों पर इसका प्रभाव अनिश्चित है।

उपरोक्त अवलोकन, जहां भी मात्रात्मक हैं, संचयी रूप से आरक्षित और अधिशेष में रु. 1,40,77,937/– का अधिक अंकन और चालू देयताओं में रु. 1,40,77,937/– का कम अंकन, व्यापार प्राप्यों में रु. 13,21,45,192/– का अधिक अंकन, अल्पावधि ऋणों और अग्रिमों में रु. 9,12,000/– का अधिक अंकन और वर्ष की हानि में रु. 13,30,57,192/– का कम अंकन किया गया है।

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों (एसए) के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की। उन मानकों के तहत हमारे उत्तरदायित्व हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा खंड में लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्वों में वर्णित किए गए हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के तहत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं के साथ ही इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार हम कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन अपेक्षाओं और आईसीएआई की आचार संहिता के अनुसार अपने अन्य नैतिक उत्तरदायित्वों को पूरा किया। हम मानते हैं कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य हमारी अर्हक राय को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

महत्वपूर्ण विषय

हम निम्न के प्रति ध्यान आकर्षित करते हैं:

1. व्यापार प्राप्यों की कुछ शेष राशियों, अन्य चालू परिसंपत्तियों, व्यापार देयताओं और अन्य चालू देयताओं की पुष्टि नहीं की गई है। ऐसी शेष राशियों के पुष्टिकरण/सुलह/समायोजन, यदि कोई हो, के परिणामी प्रभाव का पता लगाना संभव नहीं है।

2. वित्तीय विवरणों का नोट सं. 42 – एमएसएमई अधिनियम 2006 के तहत पंजीकृत विविध लेनदारों की पहचान की प्रक्रिया, जैसा प्रबंधन द्वारा दावा किया गया है, संबंधित जानकारी की अनुपलब्धता के कारण सत्यापित नहीं की जा सकी।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय संशोधित नहीं है।

वित्तीय विवरण और उन पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाएं तैयार करने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में वार्षिक रिपोर्ट में शामिल जानकारी (लेकिन वित्तीय विवरण और उस पर हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट नहीं) शामिल है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उस पर किसी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी ऊपर चिन्हित अन्य जानकारी उपलब्ध होने पर उसे पढ़ना और ऐसा करते हुए यह विचार करना है कि क्या अन्य जानकारी वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा में प्राप्त हमारी जानकारी के साथ तथ्यात्मक रूप से असंगत है या अन्यथा तथ्यात्मक रूप से गलत प्रतीत होती है।

यदि, हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य जानकारी का एक महत्वपूर्ण गलत विवरण है, तो हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है।

प्रबंधन और वित्तीय विवरणों के अभिशासन के लिए प्रभारित व्यक्तियों का उत्तरदायित्व

कंपनी का निदेशक मंडल इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 134(5) में वर्णित विषयों के लिए उत्तरदायी है जो कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 और कंपनी (लेखांकन मानक) संशोधन नियमावली, 2016 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों सहित, भारत में आम तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्यनिष्पादन और नकदी प्रवाह की सही एवं निष्पक्ष स्थिति स्पष्ट करते हैं। इस उत्तरदायित्व में कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता करने; उपयुक्त लेखांकन नीतियों के चयन और प्रयोग; उचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय और अनुमान करना; और सही और निष्पक्ष स्थिति स्पष्ट करने वाले और तथ्यात्मक गलतबयानी, चाहे छल–कपट या त्रुटि से, से मुक्त वित्तीय विवरण तैयार और प्रस्तुत करने से सुसंगत लेखांकन रिकॉर्डों की सत्यता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कारगर, पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन एवं रखरखाव हेतु अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्डों का रखरखाव भी शामिल है।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, प्रबंधन कंपनी के चलायमान प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने की क्षमता का आकलन करने, जैसा लागू हो, चलायमान प्रतिष्ठान से संबंधित मामलों का प्रकटन करने और लेखांकन का चलायमान प्रतिष्ठान आधार उपयोग करने के लिए उत्तरदायी है, यदि प्रबंधन कंपनी का परिसमापन करने या प्रचालन बंद करने का इरादा न रखता हो या ऐसा करने के सिवाय और कोई यथार्थ विकल्प न हो।

कंपनी की वित्तीय सूचना प्रक्रिया की देखरेख के लिए निदेशक मंडल भी उत्तरदायी हैं।

एकल वित्तीय विवरणों के लिए लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य वित्तीय विवरणों के तथ्यात्मक गलतबयानी, चाहे धोखाधड़ी या त्रुटि से, पूर्णरूप से मुक्त होने का उचित आश्वासन प्राप्त करना और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट जारी करना है जिसमें हमारी राय भी शामिल है। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन इसकी गारंटी नहीं कि लेखांकन मानकों के अनुसार की गई लेखापरीक्षा से हमेशा किसी तथ्यात्मक गलतबयानी के होने का पता लग ही जाए। गलतबयानी धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकती है और तभी तथ्यात्मक मानी जाती है यदि, व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, उससे इन वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोक्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की यथोचित अपेक्षा की जा सकती हो।

लेखांकन मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा के भाग रूप में, लेखापरीक्षा के दौरान हम पेशेवर निर्णय का प्रयोग करते और पेशेवर संदेह बनाए रखते हैं। हम यह भी करते हैं:

- वित्तीय विवरणों में तथ्यात्मक गलतबयानी, चाहे धोखाधड़ी और त्रुटि के कारण, के जोखिमों की पहचान और निर्धारण करना, उन जोखिमों के लिए प्रभावी लेखापरीक्षा प्रक्रिया तैयार और निष्पादित करना, और उन लेखापरीक्षा साक्ष्यों को प्राप्त करना जो हमारी राय को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित हों। धोखाधड़ी से उत्पन्न गलतबयानी का पता

नहीं लगाने का जोखिम त्रुटि से उत्पन्न जोखिम से अधिक है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलतबयानी, या आंतरिक नियंत्रण का अध्यारोहण शामिल हो सकता है।

- परिस्थिति के अनुसार उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं तैयार करने में लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करना। अधिनियम की धारा 143(3)(i) के तहत, हम इस पर अपनी राय स्पष्ट करने के लिए भी उत्तरदायी हैं कि क्या कंपनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और ऐसे नियंत्रणों की प्रचालन प्रभावशीलता मौजूद है।
- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटनों के औचित्य का मूल्यांकन करना।
- चलायमान प्रतिष्ठान के लेखांकन आधार का उपयोग करने की प्रबंधन की उपयुक्तता, और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य कि क्या घटनाओं या स्थितियों से संबंधित तथ्यात्मक अनिश्चितता मौजूद है जो चलायमान प्रतिष्ठान बने रहने की कंपनी की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह उठा सकती है के आधार पर निष्कर्ष निकालना। यदि हमारे निष्कर्ष में कोई तथ्यात्मक अनिश्चितता मौजूद है, तो हमें अपनी लेखापरीक्षक रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटनों पर ध्यान आकर्षित करना या यदि ऐसे प्रकटन अपर्याप्त हैं, तो हमारी राय में संशोधन करना अपेक्षित होता है। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षक रिपोर्ट की दिनांक तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। तथापि, भविष्य की घटनाएं या स्थितियां कंपनी को चलायमान प्रतिष्ठान बने रहने से रोक सकती हैं।
- प्रकटनों सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री, और क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेनों और घटनाओं को ऐसे दर्शाते हैं जिनसे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त हो, का मूल्यांकन करना।

हम प्रबंधन के प्रभारियों को, अन्य बातों में, लेखापरीक्षा के योजनाबद्ध कार्यक्षेत्र और समय और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों, आंतरिक नियंत्रण में किसी भी महत्वपूर्ण कमियों सहित जिन्हें हम अपनी लेखापरीक्षा के दौरान पाते हैं, से सूचित करते हैं।

हम प्रबंधन के प्रभारियों को यह कथन भी प्रदान करते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन किया है, और उन सभी संबंधों और अन्य मामलों जिन्हें हमारी स्वतंत्रता और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों के लिए उपयुक्त समझा जाए, के बारे में सूचित करते हैं।

अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

1. केंद्र सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप–धारा (11) के संबंध में जारी, कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2016 (''आदेश'') की अपेक्षा के अनुसार, हम ''अनुलग्नक क'' में आदेश के पैराग्राफ 3 एवं 4 में निर्दिष्ट मामलों पर, स्वीकार्य सीमा तक, विवरण पेश करते हैं।
2. सरकारी कंपनी के संबंध में, अधिनियम की धारा 143 की उप–धारा (5) की अपेक्षा के अनुसार, हम ''अनुलग्नक ख'' में भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निर्देशों में निर्दिष्ट मामलों पर आधारित विवरण पेश करते हैं।
3. अधिनियम की धारा 143(3) की अपेक्षा के अनुसार, हम सूचित करते हैं कि:

   क) हमने अर्हक राय हेतु आधार के उपरोक्त पैराग्राफ में वर्णित मामलों के सिवाय, सभी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थे।

   ख) उपरोक्त अर्हक राय पैराग्राफ के आधार में वर्णित मामलों के प्रभाव को छोड़कर, हमारी राय में, कंपनी ने कानून की अपेक्षा के अनुसार उपयुक्त बही खाते रखे हैं जैसा उन बहियों की हमारी जांच से प्रतीत होता है।

   ग) इस रिपोर्ट से संबंधित तुलन–पत्र, लाभ व हानि विवरण और नकदी प्रवाह विवरण बही खातों के अनुरूप हैं।

   घ) उपरोक्त अर्हक राय पैराग्राफ के आधार में वर्णित मामलों के प्रभाव को छोड़कर, हमारी राय में, उपरोक्त वित्तीय विवरण समय–समय पर यथा संशोधित कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

ङ) सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी को अधिसूचना सं. जी.एस.आर. 463(ई) दिनांक 5 जून, 2015 के अनुसार अधिनियम की धारा 164(2) के प्रावधानों से छूट प्राप्त है।

च) वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों के प्रचालन प्रभावीपन के संबंध में, ''अनुलग्नक ग'' में हमारी रिपोर्ट का संदर्भ देखें।

छ) अधिनियम की धारा 197(16) की अपेक्षाओं के अनुसार लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले मामलों के संबंध में, अधिसूचना सं. जी.एस.आर. 463(ई) दिनांक 5 जून, 2015 के अनुसार धारा 197 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते।

ज) कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियमावली, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसारः

i. वित्तीय विवरणों में लंबित मुकदमे के प्रभाव का प्रकटन किया गया है जो वित्तीय विवरणों पर नोट सं. 30 में संदर्भित है।

ii. कंपनी के पास व्युत्पन्न अनुबंधों सहित कोई दीर्घकालीन अनुबंध नहीं थे जिन पर कोई भौतिक नुकसान हुआ हो।

iii. ऐसी कोई राशियां नहीं थीं जिन्हें कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में अंतरण करना अपेक्षित होता।

4. भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के आधार पर, परिवर्धन/संशोधन किए गए हैं। उक्त परिवर्धन/संशोधन का विवरण अनुलग्नक घ में दिया गया है।

कृते ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
FRN No. 004661N

मंजु अग्रवाल
साझेदार
M. No. 083878
UDIN : 21083878AAAACC4480
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक 06/07/2021

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक 'क'

हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के "अन्य कानूनी और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट" शीर्षक के तहत पैराग्राफ 1 में संदर्भित अनुलग्नक

i. इसकी अचल परिसंपत्तियों के संबंध में:

क. कंपनी अचल परिसंपत्तियों के मात्रात्मक विवरण और स्थिति सहित स्थायी परिसंपत्तियों का उचित रिकॉर्ड रख रही है।

ख. वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा अचल परिसंपत्तियों को भौतिक रूप से सत्यापित किया गया है, हालांकि अचल परिसंपत्ति रजिस्टर के साथ अचल परिसंपत्तियों की भौतिक गणना की तुलना करके कोई विसंगति विश्लेषण रिपोर्ट तैयार नहीं की गई। इसलिए, हम विसंगतियों, यदि कोई हो, पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

ग. प्रबंधन ने वित्तीय विवरणों के नोट सं. 43 में प्रकटन किया है कि परिसंपत्तियों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, संबंधित हानि परीक्षण रिपोर्ट की उपलब्धता के अभाव में, हम इन परिसंपत्तियों के वहन मूल्य की उपयुक्तता पर टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

घ. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, अचल परिसंपत्तियों का स्वामित्व कंपनी के नाम पर रखा गया है।

ii. हमें दी गई जानकारी के अनुसार प्रबंधन द्वारा वर्ष के दौरान उचित अंतराल पर मालसूची का भौतिक रूप से सत्यापन किया गया था और ऐसे भौतिक सत्यापन में कोई भौतिक विसंगतियां ध्यान में नहीं आई थी।

iii. कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के तहत रखे रजिस्टर में शामिल कंपनियों, फर्मों, सीमित देयता भागीदारी या अन्य पार्टियों को कोई ऋण, प्रतिभूत या अप्रतिभूत, मंजूर नहीं किया है। अतएव, आदेश की धारा 3(iii) के खंड (क) से (ग) के तहत सूचना अपेक्षाएं लागू नहीं होती।

iv. कंपनी ने ऋणों, निवेशों, गारंटियों और प्रतिभूति संबंधी कोई लेनदेन नहीं किया है जिसके लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के प्रावधानों का अनुपालन अपेक्षित हो। अतएव, आदेश का पैरा 3(iv) कंपनी पर लागू नहीं होता।

v. कंपनी ने कोई जमा स्वीकार नहीं की है, और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देश और कंपनी अधिनियम की धारा 73 से 76 के प्रावधान और अन्य कोई प्रावधान और उसके तहत बनाए गए नियम कंपनी पर लागू नहीं होते।

vi. कंपनी द्वारा हमें सूचित किया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 148(1) के तहत लागत रिकॉर्ड का रखरखाव निर्धारित नहीं किया गया है।

vii. सांविधिक देयों के संबंध में:

क. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और लेखा बहियों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी वर्ष के दौरान आम तौर पर भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्यवर्धित कर, उपकर, माल एवं सेवा कर सहित इस पर लागू अविवादित सांविधिक देय उचित विभागों के पास, वर्ष के अंत में छह महीने से अधिक अवधि के लिए बकाया 5,61,997 रुपये के ईपीएफ के सिवाय, जमा करने में नियमित रही है।

ख. कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार, आयकर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्यवर्धित कर, उपकर से संबंधित, निम्नलिखित के सिवाय कोई सांविधिक बकाया नहीं है जो किसी विवाद के कारण जमा नहीं किया गया हो

देयों की प्रकृति	अवधि जिससे राशि संबंधित है (वि.व.)	फोरम जिसमें विवाद लंबित है	राशि रुपये में
आयकर	2006–07	आयकर अधिकारी कार्यालय	2,17,85,790
बिक्री कर	2010–11	डीवीएटी (वीएटीओ)	5,51,03,694
सेवा कर	2004–05 से 2011–12	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर अपीलीय ट्रिब्यूनल बोर्ड	2,34,75,565
आयकर (टीडीसी)	2007–08 से 2010–11 और 2017–18	आयकर अधिकारी कार्यालय	45,730

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने किसी वित्तीय संस्थान, बैंक या सरकार को ऋण या उधारी चुकाने में चूक नहीं की है। कंपनी ने कोई डिबेंचर जारी नहीं किए हैं।

ix. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान प्रारंभिक पब्लिक ऑफर या आगे पब्लिक ऑफर (ऋण लिखतों सहित) और सावधि ऋण के माध्यम से कोई धनराशि नहीं जुटाई है।

x. हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा कोई भी धोखाधड़ी या कंपनी के अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कोई भी धोखाधड़ी देखी या सूचित नहीं की गई है।

xi. कंपनी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए धारा 197 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते, और तदनुसार आदेश के खंड 3 की धारा (xi) कंपनी पर लागू नहीं होती।

xii. कंपनी एक निधि कंपनी नहीं है और तदनुसार, आदेश का पैराग्राफ 3(xii) कंपनी पर लागू नहीं होता।

xiii. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, संबंधित पार्टियों के साथ लेनदेन जहां भी लागू हों, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 188 के अनुपालन में हैं और ऐसे लेन देनों का प्रकटन लागू लेखांकन मानकों द्वारा अपेक्षित अनुसार वित्तीय विवरणों के नोट्स में किया गया है।

xiv. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने शेयरों या पूर्णतया या आंशिक परिवर्तनीय डिबेंचरों का पूर्ण अधिमान्य आवंटन या निजी प्लेसमेंट नहीं किया है और इस लिए आदेश के पैराग्राफ 3 की धारा (xvi) के तहत सूचना कंपनी पर लागू नहीं होती।

xv. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने निदेशकों या उनसे संबद्ध व्यक्तियों के साथ कोई गैर–नकदी लेनदेन नहीं किया है। तदनुसार, आदेश के पैराग्राफ 3 की धारा (xv) कंपनी पर लागू नहीं होती।

xvi. हमारी राय में और हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी का भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45–IA के तहत पंजीकृत होना अपेक्षित नहीं है। तदनुसार, आदेश के पैराग्राफ 3 की धारा xvi के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते।

कृते ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
FRN No. 004661N

मंजु अग्रवाल
साझेदार
M. No. 083878
UDIN : 21083878AAAACC4480
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक 06/07/2021

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक "ख"

वर्ष 2019–20 के लिए ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के लेखाओं पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत निर्देश

क्र. सं.	निर्देश	अपेक्षित कार्रवाई के उल्लेख सहित लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां	लेखाओं और वित्तीय विवरणों पर प्रभाव
1	**क्या कंपनी में आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेनों को संसाधित करने की प्रणाली है? यदि हां, तो वित्तीय निहितार्थ, यदि कोई हो, के साथ ही खातों की अखंडता पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन संसाधित करने के निहितार्थ बताएं।**	कंपनी में सभी लेखांकन लेनदेनों को संसाधित करने के लिए कोई आईटी प्रणाली नहीं है, हालांकि खातों का रखरखाव टैली अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है। क) टैली सॉफ्टवेयर में लागत केंद्रों को उचित रूप से निर्धारित नहीं किया गया है जिससे कर्मचारियों से अग्रिम वसूली करते समय लागत केंद्र में शेष का मिलान किया जाता है जबकि अग्रिम प्रदान करते समय नहीं किया जाता जिसके परिणामस्वरूप लागत केंद्र में शेष का मिलान नहीं होता। ख) बेसिल के साथ कई अनुबंध वाले वेंडर्स के लिए टैली में एकल वेंडर–वार खाता रखा जाता है। व्यक्तिगत अनुबंधों के लिए टैली में अनुबंध वार लागत केंद्र रखे जाते हैं। किंतु वेंडर के अनुबंध/कार्य वार शेष का निर्धारण करना और वेंडर खाते के अनुबंध वार लेनदेनों को लिंक करना संभव नहीं है	कोई प्रभाव नहीं
2	**क्या ऋण चुकाने में कंपनी की असमर्थता के कारण ऋणदाता द्वारा कंपनी को किसी मौजूदा ऋण के पुनर्निर्धारण या उधारी/ऋण/ब्याज इत्यादि की माफी/बट्टे डालने के मामले हैं? यदि हां, तो वित्तीय प्रभाव का उल्लेख करें।**	हमें दी गई जानकारी के अनुसार, ऋणदाता द्वारा कंपनी को किसी उधारी/ऋण/ब्याज इत्यादि की माफी / बट्टे डालने का कोई मामला नहीं है।	कोई प्रभाव नहीं

3	**क्या विशिष्ट योजनाओं के लिए केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से प्राप्त /प्राप्य निधि को इसके निबंधन और शर्तों के अनुसार उचित रूप से लेखांकन/उपयोग किया गया है? विचलन के मामलों की सूची बनाएं।**	हमें दी गई जानकारी के अनुसार, कंपनी को किसी भी विशिष्ट योजना के लिए केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से कोई धनराशि नहीं मिली।	कोई प्रभाव नहीं

कृते ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
FRN No. 004661N

मंजु अग्रवाल
साझेदार
M. No. 083878
UDIN : 21083878AAAACC4480
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक 06/07/2021

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक ''ग''

(हमारी समदिनांकित रिपोर्ट में संदर्भित)

कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 143 की उप–धारा 3 की धारा (प) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2020 को कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 143 की उप–धारा 3 की धारा (प) के तहत ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (''कंपनी'') की उस दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों की अपनी लेखापरीक्षा सहित वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

कंपनी का प्रबंधन वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी मार्गदर्शन नोट (''मार्गदर्शन नोट'') में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय सूचना मानदंड पर आंतरिक नियंत्रण पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। इन उत्तरदायित्वों में कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षा के अनुसार उपयुक्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण ों जो इसके कारोबार के व्यवस्थित एवं दक्ष संचालन, कंपनी की नीतियों के पालन, इसकी संपत्तियों की सुरक्षा, जालसाजियों और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने, लेखांकन रिकॉर्डों की सत्यता और पूर्णता, और समय पर विश्वस्त वित्तीय जानकारी तैयार करने को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे थे, का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है।

लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय सूचना पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय प्रकट करना है। हमने वित्तीय सूचना पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट (''मार्गदर्शन नोट'') और लेखापरीक्षा पर मानकों, आईसीएआई द्वारा जारी और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित माने गए, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए लागू सीमा तक, दोनों ही आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर लागू और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी, के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की है। ये मानक और मार्गदर्शन नोट अपेक्षा करते हैं कि हम नैतिक अपेक्षाओं और योजना का अनुपालन करते हुए यह उचित आश्वासन पाने के लिए लेखापरीक्षा करें कि क्या वित्तीय सूचना पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किए और बनाए रखे गए और क्या ऐसे नियंत्रण सभी तथ्यात्मक संबंधों में प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे थे।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की उपयुक्तता और उनके प्रभावी प्रचालन के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में उस जोखिम जो एक तथ्यात्मक कमजोरी होती है, का निर्धारण करते हुए और निर्धारित जोखिम पर आधारित आंतरिक नियंत्रण के परीक्षण और डिजाइन और प्रभावशील प्रचालन का मूल्यांकन करते हुए, वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की एक समझ हासिल करना शामिल था। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय, वित्तीय विवरणों की तथ्यात्मक गलतबयानी, चाहे जालसाजी या त्रुटि से, के जोखिमों के निर्धारण सहित, पर निर्भर करती हैं।

हमारा मानना है कि इमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य वित्तीय सूचना पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखापरीक्षा राय के आधार के लिए पर्याप्त और उचित हैं।

वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का अर्थ

किसी कंपनी का वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण ऐसी प्रक्रिया है जो आमतौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी प्रयोजन के लिए वित्तीय सूचना की विश्वसनीयता और वित्तीय विवरणों की तैयारी के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए तैयार की जाती है। कंपनी के वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और कार्यविधियां शामिल होती हैं जो (1) रिकॉर्डों, जो उचित विवरण, सत्यता और स्पष्टता से कंपनी के लेनदेनों और उसकी परिसंपत्तियों की व्यवस्थाओं को दर्शाते हैं, के रखरखाव से संबंधित हों; (2) यह उचित आश्वासन प्रदान करती हों कि लेनदेन आम तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों को तैयार करने में आवश्यक मानकर रिकॉर्ड किए जाते हैं, और कंपनी की प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकार के अनुसार ही किए जा रहे हैं; और (3) कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या व्यवस्था जिससे वित्तीय विवरणों पर तथ्यात्मक प्रभाव पड़ सकता है, की रोकथाम या समय पर पता लगाने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करती हों।

वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्वाभाविक सीमाएं

वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्वाभाविक सीमाओं के कारण, सांठगांठ या नियंत्रणों के अनुचित प्रबंधन प्रत्यादेश की संभावना सहित, त्रुटि या छल–कपट से तथ्यात्मक गलतबयानी हो सकती है और इसका पता नहीं लग सकता। साथ ही, भविष्य की अवधियों के लिए वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन हैं कि वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण अनुपयुक्त हो जाएं या नीतियों या कार्यविधियों के साथ अनुपालन का स्तर विकृत हो जाए।

अर्हक राय का आधार

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर, 31 मार्च, 2020 के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में निम्नलिखित तथ्यात्मक कमजोरी चिन्हित की गई है:

1. 100 से अधिक कर्मचारियों को अग्रदाय अग्रिम दिया जाता है, जिनमें से 76 कर्मचारियों पर 31.3.2020 को अब भी रु. 10,42,434 बकाया है। अग्रदाय खाते के संचालन के संबंध में कोई नियम/नीति और अग्रदाय सीमा हमें प्रदान नहीं की गई है। देखा गया है कि खाते को कर्मचारियों के चालू खाते की तरह संचालित किया जाता है, जिसमें कर्मचारी बिना किसी निपटान के पूरे वर्ष अग्रदाय रखे रहते हैं और वर्ष के दौरान किसी भी समय खाते के शेष को शून्य नहीं करते। टैली सिस्टम में कॉस्ट सेंटर को छोड़कर व्यक्तिगत कर्मचारी के साथ अग्रदाय का कोई सहायक रिकॉर्ड जिसे अद्यतन नहीं किया गया है, नहीं रखा गया है ।
2. चालान–वार खरीद/खर्चों को लेखा बहियों में दर्ज नहीं किया गया है। पार्टियों से प्राप्त कई चालानों के लिए एकल प्रविष्टि पारित की जाती देखी गई है। आमतौर पर खर्च के बिल और वाउचर वित्तीय वर्ष की आखिरी दिनांक को लेखा बहियों में पास किए जाते हैं, चाहे वे काफी पहले के महीनों के हों।
3. कंपनी के साथ कई अनुबंधों वाले वेंडर्स के लिए टैली में एक एकल वेंडर– वार खाता रखा जाता है। यद्यपि अनुबंध वार लागत केन्द्रों का रखरखाव किया जाता है लेकिन अनुबंध/कार्य वार शेष को जोड़ना और मिलान करना संभव नहीं है क्योंकि टैली में एकाधिक अनुबंधों के लिए केवल एक पार्टी खाता रखा जाता है। जीएल में अनुबंध वार लेनदेन को वेंडर से संबद्ध करना संभव नहीं है।
4. 'सीआरएस देनदार' खाते में रु. 1,97,824 का नामे शेष वेंडर/आपूर्तिकर्ताओं के साथ अज्ञात/अनसुलझे शेष को दर्शाता है।
5. प्राप्त अग्रिमों की राशि पर जीएसटी देयता प्रभारित नहीं की गई है जो संबंधित जीएसटी कानूनों का उल्लंघन है।
6. व्यापार प्राप्य और ऋण और अग्रिम की वसूली की गैर–आवधिक समीक्षा।

7. जीएसटी, टीडीएस और ईपीएफ आदि जैसे सांविधिक देयों की देयता और भुगतान की बुकिंग पर नियंत्रण का अभाव है। इसके परिणामस्वरूप रु. 1,37,12,301 के भारी जुर्माने/ब्याज का बोझ पड़ा है।

8. कंपनी ने राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन के लिए परियोजना का निष्पादन किया और रखरखाव सेवाओं के लिए रु. 4,25,80,000/– की बैंक गारंटी जमा की, जिसे एनटीआरओ द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में नकदीकरण कराया गया। बेसिल ने भी बैक टू बैक वेंडर की रु. 3,44,40,262 की बैंक गारंटी का नकदीकरण कराया। इसी तरह, स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप ने रु. 3,79,545 की बैंक गारंटी का नकदीकरण कराया। रु. 85,19,283/– की निवल राशि वर्ष के दौरान व्यय के रूप में प्रभारित की गई है जो बैक टू बैक वेंडर के साथ अनुबंध की शर्तों को अंतिम रूप देने, वेंडर के चयन और अनुबंध के विशिष्ट प्रदर्शन पर आंतरिक नियंत्रण पर कमजोर आंतरिक नियंत्रण को दर्शाता है। इससे चालू वित्त वर्ष में रु. 85,19,283 का नुकसान हुआ है।

भारत में आमतौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार पूर्वोक्त मूल्यांकन के संबंध में कंपनी की प्रक्रिया पर अपर्याप्त पर्यवेक्षी और समीक्षा नियंत्रण के परिणामस्वरूप कर–पश्चात लाभ सहित वित्तीय विवरण तैयार और प्रस्तुत करने में तथ्यात्मक गलतबयानी होने की संभावना रह सकती है।

'भौतिक कमजोरी' वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में एक कमी, या कमियों का ऐसा संयोजन है कि कंपनी के वार्षिक या अंतरिम वित्तीय विवरणों की तथ्यात्मक गलतबयानी को समयबद्ध आधार पर रोकने या पता न लगने की यथोचित संभावना है।

अर्हक राय

उपरोक्त ''अर्हक राय का आधार'' पैराग्राफ में वर्णित तथ्यात्मक कमजोरियों के संभावित प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में, कंपनी ने सभी प्रकार से, वित्तीय सूचना पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण बनाए रखा है और वित्तीय सूचना पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2020 को, कंपनी द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी वित्तीय सूचना पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए स्थापित वित्तीय सूचना मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर प्रभावी ढंग से परिचालन कर रहे थे।

हमने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों की अपनी लेखापरीक्षा में लागू लेखापरीक्षा परीक्षणों की प्रकृति, समय और सीमा निर्धारित करने में उक्त चिन्हित और सूचित तथ्यात्मक कमजोरियों पर विचार किया है, और इन तथ्यात्मक कमजोरियों ने कंपनी के उक्त वित्तीय विवरणों पर हमारी राय को प्रभावित किया है और हमने वित्तीय विवरणों पर एक अर्हक राय व्यक्त की है।

कृते ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
FRN No. 004661N

मंजु अग्रवाल
साझेदार
M. No. 083878
UDIN : 21083878AAAACC4480
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक 06/07/2021

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक ''घ''

(ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के सदस्यों को हमारी समदिनांकित रिपोर्ट के 'अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' अनुभाग के तहत पैराग्राफ 4 में संदर्भित)

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के आधार पर खातों में निम्न प्रकार परिवर्धन/संशोधन किया गया है।

खातों में परिवर्धन/संशोधनः

(क) वित्तीय प्रभाव वाली मदें

नोट 25: मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय और नोट 27: पूर्व अवधि व्यय

(क) (i) नोट नं. 27 में 5,05,893 रुपये की राशि को पूर्व अवधि आय में जमा किया गया है और नोट नं. 25 में चालू वर्ष के मूल्यह्रास में 1,08,674 रुपये की कमी की गई है।

(क) (ii) नोट नं. 25 में 'अस्थायी संरचना' पर चालू वर्ष का मूल्यह्रास 4,131 रुपये और नोट नं. 27 में 'पूर्व अवधि व्यय' में 69,350 रुपये की वृद्धि की गई है।

(ख) गैर–वित्तीय प्रभाव/संशोधन वाली मदें

(ख) (i) नोट नं. 12 अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियां और नोट नं. 15 नकद और बैंक शेष

– 12 महीने से अधिक की परिपक्वता तिथि वाली 7,34,224 रुपये की सावधि जमा राशि को नोट नं. 15 नकद और बैंक शेष से नोट नं. 12 अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियां में पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

– 11,22,748 रुपये की राशि को नोट नं. 15 में 'अन्य बैंक शेष' से 'नकद और नकद समतुल्य' में पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

(ख) (ii) नकदी प्रवाह विवरण

– व्यापार प्राप्य और अन्य परिसंपत्ति में 1,36,06,186 रुपये की वृद्धि/कमी को प्रचालन गतिविधियों से निवेश गतिविधियों में पुनःसमूहित किया गया है।

– सावधि जमा पर टीडीएस के कारण ऋण और अग्रिम में 16,48,922 रुपये की वृद्धि/कमी को प्रचालन गतिविधियों से निवेश गतिविधियों में पुनःसमूहित किया गया है।

– व्यापार देय और अन्य देयताओं (प्रतिभूति जमा और प्रतिधारण राशि) में 18,15,86,892 रुपये की वृद्धि/कमी को प्रचालन गतिविधियों से वित्तीय गतिविधियों में पुनःसमूहित किया गया है।

(ख) (iii) नोट नं. 26 अन्य व्यय और असाधारण मदें

– नोट नं. 26 में बैंक गारंटी नकदीकरण के कारण हानि की 85,19,283 रुपये की राशि को लाभ और हानि विवरण में 'अन्य व्यय' से 'असाधारण मद' में पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

(ग) प्रभावों का सारांश

उपरोक्त अवलोकन के वित्तीय प्रभाव से चालू वर्ष की हानियों में 3,90,556 रुपये (4,85,32,438 रुपये से घटकर 4,81,41,882 रुपये) की कमी आई है।

कृते ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
FRN No. 004661N

मंजु अग्रवाल
साझेदार
M. No. 083878
UDIN : 21083878AAAACC4480
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक 06/07/2021

वार्षिक लेखा

1 अप्रैल 2019 – 31 मार्च 2020



ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड

31 मार्च, 2020 को तुलन–पत्र (संशोधित)

विवरण	नोट सं.	सूचना अवधि के आंकड़े (राशि रु. में)	पिछली अवधि के आंकड़े (राशि रु. में)
इक्विटी और देयताएं			
शेयरधारकों की निधियां			
शेयर पूंजी	3	1,36,50,000	1,36,50,000
आरक्षित और अधिशेष	4	6,25,82,833	11,07,24,715
		7,62,32,833	**12,43,74,715**
गैर–चालू देयताएं			
अन्य दीर्घ अवधि देयताएं	5	5,51,32,167	23,67,19,059
दीर्घ अवधि प्रावधान	6	2,68,06,304	3,07,71,746
		8,19,38,471	**26,74,90,805**
चालू देयताएं			
अल्प अवधि उधारियां	7	75,97,34,269	63,09,97,933
व्यापार देय			
– सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम	42	-	-
– अन्य		1,32,04,76,839	1,86,83,08,121
अन्य चालू देयताएं	8	1,51,02,84,017	1,09,08,16,494
अल्प अवधि प्रावधान	9	10,37,050	15,22,333
		3,59,15,32,175	**3,59,16,44,881**
कुल		**3,74,97,03,479**	**3,98,35,10,401**
परिसंपत्तियां			
गैर चालू परिसंपत्तियां			
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	10	10,83,75,501	11,53,56,861
अमूर्त परिसंपत्तियां	10	16,31,583	31,11,973
आस्थगित कर परिसंपत्तियां (निवल)	11	7,11,71,766	6,72,43,039
अन्य गैर–चालू परिसंपत्तियां	12	29,25,587	1,62,58,329
		18,41,04,437	**20,19,70,202**
चालू परिसंपत्तियां			
मालसूची	13	1,46,24,765	6,74,33,282
व्यापार प्राप्य	14	2,69,98,65,175	3,07,75,62,100
नकदी और बैंक शेष	15	39,51,89,069	29,84,68,529
अल्प अवधि ऋण और अग्रिम	16	35,07,20,712	30,84,08,341
अन्य चालू परिसंपत्तियां	17	10,51,99,321	2,96,67,947
		3,56,55,99,042	**3,78,15,40,199**
कुल		**3,74,97,03,479**	**3,98,35,10,401**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	2		
संलग्न 1 से 51 तक नोट्स वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग हैं।			

हमारी इसी दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
FRN No. 004661N

हस्ता./–
मंजु अग्रवाल
साझेदार
M. No. 083878
UDIN : 21083878AAAACC4480
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक 06/07/2021

हस्ता./–
(अवधेश पंडित)
उप महाप्रबंधक (वित्त)/बोर्ड सचिव

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता./–
(जॉर्ज कुरुविला)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN : 06829122

हस्ता./–
(दीपक रंजन गोगोई)
निदेशक (ओएंडएम)
DIN : 07724820

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष का लाभ और हानि विवरण (संशोधित)

विवरण	नोट सं.	सूचना अवधि के आंकड़े (राशि रु. में)	पिछली अवधि के आंकड़े (राशि रु. में)
राजस्व			
प्रचालनों से राजस्व	18	3,47,07,48,329	3,21,81,31,579
अन्य आय	19	3,54,88,506	3,74,15,421
पूर्व अवधि आय	27	14,11,529	7,05,618
कुल राजस्व		**3,50,76,48,365**	**3,25,62,52,618**
व्यय			
प्रयुक्त सामग्री की लागत	20	53,56,76,324	97,72,87,560
डब्ल्यूआईपी में वृद्धि / कमी	21	6,41,42,907	(2,28,26,591)
जॉब वर्क और संबंधित लागत	22	2,64,96,78,033	2,00,23,14,871
कर्मचारी हितलाभ व्यय	23	8,49,65,123	7,67,58,173
वित्त लागत	24	7,80,02,726	7,01,71,030
मूल्यह्रास और ऋणशोधन व्यय	25	1,57,97,999	1,99,60,017
अन्य व्यय	26	11,47,06,848	11,02,26,759
पूर्व अवधि व्यय	27	22,93,154	24,51,385
कुल व्यय		**3,54,52,63,114**	**3,23,63,43,205**
असाधारण मदों से पूर्व लाभ / (हानि)		(3,76,14,750)	1,99,09,413
असाधारण मदें (बैंक गारंटी नकदीकरण से हानि)		(85,19,283)	-
कर से पूर्व लाभ / (हानि)		**(4,61,34,033)**	**1,99,09,413**
कर व्यय			
आयकर व्यय		-	40,98,711
मैट क्रेडिट हकदारी		-	(40,98,711)
पूर्व अवधि कर हेतु समायोजन		59,36,576	-
आस्थगित कर (क्रेडिट) / प्रभार		(39,28,727)	1,94,49,823
		20,07,849	**1,94,49,823**
वर्ष का लाभ / (हानि)		**(4,81,41,882)**	**4,59,590**
आय / (हानि) प्रति शेयर	28	(345)	3
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	2		
संलग्न 1 से 51 तक नोट्स वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग हैं।			

हमारी इसी दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
FRN No. 004661N

हस्ता. / –
मंजु अग्रवाल
साझेदार
M. No. 083878
UDIN : 21083878AAAACC4480
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक 06 / 07 / 2021

हस्ता. / –
(अवधेश पंडित)
उप महाप्रबंधक (वित्त) / बोर्ड सचिव

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता. / –
(जॉर्ज कुरुविला)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN : 06829122

हस्ता. / –
(दीपक रंजन गोगोई)
निदेशक (ओएंडएम)
DIN : 07724820

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष का नकदी प्रवाह विवरण (संशोधित)

विवरण	सूचना अवधि के आंकड़े (राशि रु. में)	पिछली अवधि के आंकड़े (राशि रु. में)
1. प्रचालन गतिविधियों से नकदी		
कर से पूर्व निवल लाभ/(हानि)	**(4,81,41,882)**	**4,59,591**
गैर–प्रचालन मदों के लिए समायोजन–		
मूल्यह्रास और ऋणशोधन	1,53,61,456	1,99,60,017
बट्टे डाले गए विविध व्यय	-	2,002
ओवरड्राफ्ट पर ब्याज	7,80,02,726	7,01,71,030
कर व्यय	20,07,849	1,94,49,823
विनिमय उतार–चढ़ाव हानि/(लाभ)	13,465	(1,669)
किराया समकरण व्यय	(1,46,393)	-
वापस लिखी गई अधिक देयताएं	-	(1,16,21,258)
ब्याज आय	(3,19,28,884)	(1,89,79,952)
कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पूर्व प्रचालन लाभ	**1,51,68,337**	**7,94,39,584**
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन हेतु समायोजन		
मालसूची में (वृद्धि)/कमी	5,28,08,517	(2,05,15,323)
व्यापार प्राप्यों और अन्य परिसंपत्तियों में (वृद्धि)/कमी	30,22,65,016	(68,80,14,677)
ऋणों और अग्रिमों में (वृद्धि)/कमी	(4,06,63,449)	(6,85,50,756)
व्यापार देयों और अन्य देयताओं में वृद्धि/(कमी)	(12,83,63,759)	56,74,91,987
प्रावधानों में वृद्धि/(कमी)	(2,05,621)	(7,88,531)
प्रचालन गतिविधियों से सृजित/में (प्रयुक्त) नकदी	**20,10,09,041**	**(13,09,37,715)**
घटाएं: कर का भुगतान	1,00,35,287	-
प्रचालन गतिविधियों से निवल नकदी प्रवाह	**19,09,73,754**	**(13,09,37,715)**
2. निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
प्राप्त ब्याज	3,03,90,015	1,79,86,738
स्थायी परिसंपत्तियों की खरीद	(68,99,704)	(86,29,449)
गैर चालू परिसंपतियों में वृद्धि/(कमी)	1,31,09,756	-
सावधि जमाओं में निवेश	(2,72,64,312)	(3,02,57,516)
निवेश गतिविधियों में प्रयुक्त निवल नकदी	**93,35,755**	**(2,09,00,227)**
3. वित्तीय गतिविधियों से नकदी		
अल्प अवधि उधारियां प्राप्त/(चुकता)(निवल)	12,87,36,336	20,08,56,278
अन्य देयताओं में वृद्धि/(कमी)	(18,15,86,892)	-
ब्याज का भुगतान	(7,80,02,726)	(7,01,71,030)
वित्तीय गतिविधियों के लिए निवल नकदी	**(13,08,53,281)**	**13,06,85,248**

नकदी और नकदी समतुल्य में निवल परिवर्तन	6,94,56,228	(2,11,52,694)
जोड़ें: आरंभिक नकदी और नकदी समतुल्य	5,61,74,322	7,73,27,016
समापन नकदी और नकदी समतुल्य	**12,56,30,550**	**5,61,74,322**
वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समतुल्य के घटक (नोट सं. 15 देखें)		
हस्तगत नकदी	5,55,320	3,08207
हस्तगत नकदी (विदेशी मुद्रा)	-	3,90,571
चालू खाता में	12,39,52,482	5,54,75,544
सावधि जमाएं (परिपक्वता सूचना तारीख के 3 माह के भीतर)	11,22,748	-
	12,56,30,550	**5,61,74,322**

नोटः
उपरोक्त नकदी प्रवाह विवरण इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी नकदी प्रवाह पर लेखांकन मानक–3 के अनुसार अप्रत्यक्ष पद्धति से तैयार किए गए हैं।

हमारी इसी दिनांक की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते ज्ञानेंद्र एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
FRN No. 004661N

हस्ता./–
(अवधेश पंडित)
उप महाप्रबंधक (वित्त)/बोर्ड सचिव

हस्ता./–
मंजु अग्रवाल
साझेदार
M. No. 083878
UDIN : 21083878AAAACC4480
स्थानः नई दिल्ली
दिनांक 06/07/2021

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता./–
(जॉर्ज कुरुविला)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN : 06829122

हस्ता./–
(दीपक रंजन गोगोई)
निदेशक (ओएंडएम)
DIN : 07724820

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के संशोधित वित्तीय विवरणों पर नोट्स

1. सामान्य सूचना

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (''कंपनी'') भारत सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 (पूर्वकालीन कंपनी अधिनियम, 1956) के तहत एक सरकारी कंपनी के रूप में मार्च, 1995 में स्थापित की गई। कंपनी की स्थापना भारत और विदेशों में परियोजना परामर्श सेवाएं और रेडियो और टेलीविजन प्रसारण इंजीनियरिंग के संपूर्ण सरगम, पारेषण सुविधाएं जैसे सामग्री निर्माण सुविधाएं, स्थलीय प्रसारण, पारेषण और उपग्रह और केबल प्रसारण की स्थापना सहित टर्नकी समाधान प्रदान करने के लिए की गई थी।

2. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

2.1 वित्तीय विवरण तैयार करने का आधार

वित्तीय विवरण कंपनी (लेखांकन मानक) नियम, 2006 और उसके संशोधनों और कंपनी अधिनियम, 2013 के संगत प्रावधानों द्वारा निर्धारित अधिसूचित लेखांकन मानकों के सभी तथ्यात्मक पहलुओं का अनुपालन करके तैयार किए गए हैं। वित्तीय विवरण भारत में आमतौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) के अनुसार लेखांकन के प्रोद्भवन आधार पर ऐतिहासिक लागत पद्धति के तहत तैयार किए गए हैं। लेखांकन नीतियां कंपनी द्वारा निरंतर लागू की गई और नोट सं. 47 और 49 के साथ पठित नीति सं. 2(2) के सिवाय पिछले वर्ष में प्रयुक्त की गई नीतियों के अनुसार हैं।

सभी परिसंपत्तियां और देयताएं कंपनी के सामान्य प्रचालन चक्र और कंपनी अधिनियम, 2013 में निर्धारित अन्य मानदंडों के अनुसार चालू या गैर–चालू के तौर पर वर्गीकृत की गई हैं। उत्पादों की प्रकृति और प्रोसेसिंग और नकदी या नकदी समतुल्य में उनकी प्राप्ति हेतु परिसंपत्ति के अधिग्रहण के बीच के समय के आधार पर, कंपनी ने परिसंपत्तियों और देयताओं के चालू और गैर–चालू वर्गीकरण के उद्देश्य से अपना प्रचालन चक्र 12 महीने का निर्धारित किया है।

लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप वित्तीय विवरण तैयार करने में अपेक्षा की जाती है कि:

(i) प्रबंधन ऐसे अनुमान और धारणाएं बनाता है जो परिसंपत्तियों और देयताओं की सूचित मात्रा को प्रभावित करते हैं,

(ii) वित्तीय विवरणों की दिनांक को आकस्मिक परिसंपत्तियों और देयताओं का प्रकटन।

2.2 राजस्व/व्यय मान्यता

क) आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण और चालू करने से आय

राजस्व को केवल लागत के अनुमान और पूर्णता की प्रगति के आधार पर प्रबंधन द्वारा निर्धारित पूर्णता पद्धति के प्रतिशत के आधार पर मान्य किया जाता है, जो उचित सटीकता के साथ उपलब्ध हैं।

ख) वस्तुओं की बिक्री

माल की बिक्री से राजस्व को तब मान्य किया जाता है जब माल के स्वामित्व के सभी महत्वपूर्ण जोखिम और प्रतिदान खरीदार को, आमतौर पर माल की सुपुर्दगी के समय अंतरित किए जाते हैं। कंपनी सरकार की ओर से माल और सेवा कर, बिक्री कर और मूल्य वर्धित कर (वैट) एकत्र करती है, इसलिए, यह कंपनी को मिलने वाले आर्थिक लाभ नहीं हैं। इसलिए, उन्हें राजस्व से बाहर रखा गया है।

ग) **सेवाओं से आय**

कंपनी राजस्व को तब मान्य करती है जब प्रेरक साक्ष्य आमतौर पर एक व्यवस्था के रूप में मौजूद हों; कि स्वामित्व के महत्वपूर्ण जोखिम और प्रतिदान खरीदार को अंतरित कर दिए गए हैं, राजस्व की राशि का विश्वसनीय मापन किया जा सकता है, वसूली सुपुर्दगी या सेवाएं प्रदान की गई हों; खरीदार के लिए विक्रेता मूल्य निर्धारित या निर्धारण योग्य हो; और संग्रहणीयता का उचित आश्वासन दिया गया हो।

घ) **जनशक्ति नियोजन से आय**

जनशक्ति नियोजन अनुबंधों से राजस्व को अनुबंध की अवधि के दौरान सेवाएं प्रदान करने पर आनुपातिक आधार पर मान्य किया जाता है। कंपनी सरकार की ओर से सेवा कर/माल और सेवा कर एकत्र करती है और इसलिए, यह कंपनी को मिलने वाला आर्थिक लाभ नहीं है। इसलिए, इसे राजस्व से बाहर रखा गया है।

ङ) **सूचना और प्रसारण मंत्रालय के टावरों के रखरखाव से आय**

रखरखाव अनुबंध से राजस्व को अनुबंध की अवधि के दौरान सेवाएं प्रदान करने पर आनुपातिक आधार पर मान्य किया जाता है। कंपनी सरकार की ओर से सेवा कर/माल और सेवा कर एकत्र करती है और इसलिए, यह कंपनी को मिलने वाला आर्थिक लाभ नहीं है। इसलिए, इसे राजस्व से बाहर रखा गया है।

च) **भर्ती से आय**

भर्ती से प्राप्त राजस्व को प्रोद्भवन के आधार पर मान्य किया जाता है। बेसिल विभिन्न संगठनों के कार्मिकों की भर्ती के लिए परीक्षा संचालित करने की सेवाएं प्रदान करने में संलग्न है, जिसके लिए वह संगठन/परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थी से धन प्राप्त करता है और इसे आय के रूप में दर्ज किया जाता है।

2.3 माल सूची का मूल्यांकन

i) कच्चे माल और स्पेयर्स वाले जॉबवर्क स्टॉक का मूल्यांकन लागत या निवल वसूली मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है। कच्चे माल और स्पेयर्स की लागत फीफो आधार पर निर्धारित की जाती है।

ii) पारगमन स्टॉक को वर्ष के अंत तक भेजे गए सामानों में मान्य किया जाता है।

2.4 क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

i) कंपनी के स्वामित्व की संपत्ति, संयंत्र और उपकरण का उल्लेख संचित मूल्यह्रास और अक्षमता हानि घटाकर अधिग्रहण की लागत पर किया जाता है। स्थायी परिसंपत्तियों को उपयोग की हालत में लाने के लिए व्यय की गई अधिग्रहण और स्थापना से संबंधित सभी लागतों को पूंजीकृत किया जाता है।

ii) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण पर कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची प्प में उल्लिखित उपयोगी जीवन पर, लिखित मूल्य विधि द्वारा उपयोग की अवधि के लिए अनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास लगाया जाता है।

iii) परिवर्धन/कटौतियों पर मूल्यह्रास परिसंपत्तियों के इच्छित प्रयोजन से उपयोग किए जाने की दिनांक से उनके निपटान की दिनांक तक लगाया जाता है।

iv) 5,000/– रुपये से कम मूल्य की परिसंपत्तियों का उनके उपयोग के वर्ष में पूर्णतया मूल्यह्रास किया जाता है।

v) पट्टे वाली भूमि की लागत का ऋणशोधन पट्टे की 90 वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है।

ख) **अमूर्त परिसंपत्ति**

अलग से अधिग्रहित अमूर्त परिसंपत्तियों का मापन आरंभिक मान्यता पर लागत पर किया जाता है। आरंभिक मान्यता के

बाद, अमूर्त परिसंपत्तियों की लागत संचित ऋणशोधन और संचित क्षति हानि, यदि कोई हो, घटाकर लिखी जाती है।

अमूर्त परिसंपत्तियों का ऋणशोधन अनुमानित उपयोगी आर्थिक जीवन पर सरल रेखा आधार पर किया जाता है। कंपनी एक खंडनयोग्य अनुमान लगाती है कि किसी अमूर्त परिसंपत्ति का उपयोगी जीवन उस दिनांक जब परिसंपत्ति उपयोग के लिए उपलब्ध होती है, से दस वर्ष से अधिक नहीं होगा। किसी अमूर्त परिसंपत्ति के अक्षम होने का संकेत मिलने पर सभी अमूर्त संपत्तियों की हानि का मूल्यांकन किया जाता है।

2.5 परिसंपत्तियों की अक्षमता

i) प्रत्येक तुलन–पत्र की दिनांक पर परिसंपत्तियों की वहन राशियों की समीक्षा की जाती है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या अक्षमता का कोई संकेत है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद है, तो परिसंपत्ति की वसूलीयोग्य राशि का अनुमान लगाया जाता है। जो परिसंपत्तियां अब तक उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं हैं, प्रत्येक तुलन–पत्र की दिनांक पर उनकी वसूलीयोग्य राशि का अनुमान लगाया जाता है।

ii) किसी अक्षमता हानि को तब मान्य किया जाता है जब किसी परिसंपत्ति या नकदी सृजन करने वाली इकाई की वहन राशि इसकी वसूलीयोग्य राशि से अधिक हो जाती है। अक्षमता हानि लाभ और हानि खाते में मान्य की जाती है।

iii) किसी अक्षमता हानि को तब उलटा जाता है यदि वसूलीयोग्य राशि निर्धारित करने के लिए प्रयुक्त किए गए अनुमानों में कोई बदलाव आया हो। कोई अक्षमता हानि केवल उस सीमा तक उलटी जाती है कि परिसंपत्ति की वहन राशि उस वहन राशि से अधिक नहीं हो जो कोई अक्षमता हानि मान्य नहीं किए जाने से निवल मूल्यह्रास या ऋणशोधन निर्धारित की गई होती।

2.6 ऋणों की छूट

i) सामान्य व्यवसाय में व्यापार प्राप्तियों का मूल्य तुलन–पत्र में वर्णित मूल्य से कम नहीं होगा।

ii) बकाया ऋणों की समय–समय पर समीक्षा की जाती है और छूट तब दी जाती है जब कोई ऋण वसूली में संदिग्ध हो जाता है और 5 वर्ष से अधिक तक बकाया रहने पर मामले के आधार पर पूरी छूट दी जाती है।

2.7 संदिग्ध ऋणों और अग्रिमों के लिए छूट

i) सामान्य व्यवसाय में वसूली पर ऋणों और अग्रिमों का मूल्य तुलन–पत्र में वर्णित मूल्य से कम नहीं होगा।

iii) ऋण और अग्रिमों की समय–समय पर समीक्षा की जाती है और छूट दी जाती है जब यह वसूली में संदिग्ध हो जाता है और 5 वर्ष से अधिक तक बकाया रहने पर मामले के आधार पर पूरी छूट दी जाती है।

2.8 नकदी और नकदी समतुल्य

नकदी में हस्तगत नकदी और बैंकों में मांग जमाराशि शामिल है। नकदी समतुल्य अधिग्रहण की दिनांक से बारह महीने या उससे कम की मूल परिपक्वता सहित अल्पकालिक शेष होते हैं जो आसानी से ज्ञात नकदी राशि में परिवर्तनीय और मूल्य में परिवर्तन के महत्वहीन जोखिम के अधीन होते हैं।

2.9 नकदी प्रवाह विवरण

नकदी प्रवाह विवरण अप्रत्यक्ष विधि का उपयोग करके बनाया जाता है, जिसमें कर पूर्व लाभ को गैर–नकदी प्रकृति के लेनदेनों और पिछली या आगामी नकदी प्राप्तियों या भुगतान के किसी भी आस्थगन या उद्भवन के प्रभावों के लिए समायोजित किया जाता है। नकदी प्रवाह को कंपनी की संचालन, वित्तपोषण और निवेश गतिविधियों से अलग किया जाता है।

2.10 कर्मचारी हितलाभ

